आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 324 | उज्जैन, रविवार 07 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## सिंहस्थ लैंड पुलिंग पर विधानसभा में मंत्री ने कहा- घोषणा कर चुके हैं और पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा

# निरस्ती आदेश मामले में किसानों का सरकार पर विश्वास कमजोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ लैंड पुलिंग मामले में सरकार की और से 17 नवंबर को आयोजित बैठक में टीडीएस 8,9,10,11 को निरस्त करने का किसान संघ के साथ चर्चा हुई थी। इसके साथ अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनी थी। बाद में सरकार की और से निरस्ती आदेश की बजाय संशोधन जारी किया गया। मामले में विधानसभा में जवाब आने के बाद भी किसानों का सरकार पर विश्वास नहीं हो रहा है। किसानों का कहना है जब तक आदेश हाथ में नहीं आता अब तो तब तक विश्वास नहीं किया जा सकता है।

सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण को लेकर सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों की करीब 12 हजार बीघा जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई लैंड पुलिंग कानून के तहत विकास प्राधिकरण उज्जैन की और से की गई थी। टीडीएस 8,9,10,11 के तहत इसमें अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही थी। भूमि अधिग्रहण से करीब 1896 कृषक प्रभावित हो रहे थे। मामले में किसान संघर्ष समिति एवं भारतीय किसान संघ के एक से डेढ साल के आंदोलन के बाद 17 नवंबर को किसान संघ एवं सरकार एक साथ बैठे थे। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक के उपरांत सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना निरस्त करने एवं किसानों के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस लिए जाने सहित अन्य मुद्दों पर सहमति बनी थी। इसे लेकर सरकार की और से प्रशासनिक स्तर पर बयान जारी किया गया था और किसानों के सम्मान में योजना वापस लेने की बात कही गई थी।

### किसान बोले- जब तक निरस्ती आदेश हाथ में नहीं आता तब तक विश्वास नहीं किया जा सकता



- **निरस्त की जगह संशोधन-** सिंहस्थ लैंड पुलिंग को निरस्त करने की सहमति के दो दिन बाद सामने आए आदेश में संशोधन जारी किया गया था। इस पर किसान संघ एवं किसान संघर्ष समिति ने आपत्ति दर्ज करवाई थी। उनका स्पष्ट कहना था कि मामले में चर्चा अनुसार निरस्त का आदेश सरकार जारी करे।
- **पहले दो दिन फिर 7 दिन की चेतावनी-** संशोधन आदेश पर आपत्ति जताने के बाद किसान संघ ने पहले 2 दिन की सरकार को चेतावनी देते हुए निरस्ती आदेश जारी करने अन्यथा आंदोलन की बात कही थी। इससे भी बात नहीं बनी थी। बाद में संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने बयान जारी कर 7 दिन में निरस्ती आदेश जारी करने का समय देते हुए सरकार को आंदोलन की चेतावनी देते हुए दिसंबर अंत में प्रदेश व्यापी आंदोलन की बात कही है।

### अब तो आदेश हाथ में आए तो विश्वास

भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलसिंह आंजना का कहना है कि चर्चा के दौरान सिंहस्थ लैंड पुलिंग को निरस्त करने के साथ किसानों पर दर्ज प्रकरण वापस लिए जाने जैसे मुद्दे शामिल थे। सरकार एवं किसान संघ की वार्ता के पश्चात सरकार ने इसकी घोषणा की थी। हमने धन्यवाद भी दिया और दुसरे दिन किसानों ने सरकार के प्रति धन्यवाद का उत्सव भी मनाया। दो दिन बाद जो आदेश निकाला गया वो संशोधित एवं भाषाई रूप से घुमाने वाला था। हमने सरकार से निरस्त का स्पष्ट आदेश निकालने की मांग की थी। अब तक आदेश नहीं आया है। इससे सिंहस्थ क्षेत्र के किसानों के साथ हमारा विश्वास सरकार पर कमजोर हुआ है। अब तो जब तक सरकार का सिंहस्थ लैंड पुलिंग निरस्ती का आदेश हाथ में नहीं आ जाता तब तक विश्वास नहीं किया जा सकता। इधर सिंहस्थ क्षेत्र के किसानों के भी बयान कुछ इसी तरह से आ रहे हैं। उनका कहना है कि हमारी विचारधारा की सरकार है और हमें ही प्रताड़ित किया जा रहा है।

### विधायक महेश परमार ने भी लैंड पुलिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाए

सिंहस्थ लैंड पुलिंग के विरोध में कांग्रेस ने भी अपना मोर्चा खोला था। सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों में प्रभात फेरी भी की थी। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस विधायक महेश परमार ने उज्जैन में हो रही लैंड पुलिंग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि किसानों के लगातार संघर्ष के बाद सरकार ने लैंड पुलिंग को निरस्त करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसका लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से पूछा था कि घोषणा पत्र कब जारी होगा और आदेश कब आधिकारिक रूप से रद्द होगा। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव घोषणा कर चुके हैं और पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा। इसी पर विधानसभा में कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने टिप्पणी की कि किसान चिंतित हैं और प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बोल दिया है तो अब क्या बचता है, यानी आदेश जल्द आ जाएगा।

## देश विदेश

### बजट से पहले कस्टम सिस्टम में बदलाव करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया है कि कस्टम सिस्टम में जल्द ही कई बड़े बदलाव किए जाएंगे। यह सरकार का अगला सबसे बड़ा रिफॉर्म होगा। इसका मकसद रूल्स को सरल बनाना है, ताकि बिजनेस और ट्रेडर्स को परेशानी न हो। पिछले दो सालों में ड्यूटी रेट्स को धीरे-धीरे कम किया गया है और अब जो आइटम्स अभी भी हाई ड्यूटी वाले हैं, उन पर भी फोकस होगा। यह रिफॉर्म इकोनॉमी को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है, जहां ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी और कंप्लायंस आसान होगा। कस्टम्स सिस्टम वो बॉडी है जो टैरिफ कलेक्ट करती है और गुड्स के इंपोर्ट-एक्सपोर्ट को रेगुलेट करती है। इसमें व्हीकल्स, पर्सनल बिलॉन्गिंग्स और यहां तक कि डेंजरस आइटम्स का कंट्रोल भी शामिल है।

### सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी शुक्रवार को दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की। सोनिया ने कहा- इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों को भी कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ है। सोनिया ने कहा- इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना भी चाहिए।

### सारा खान ने हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की



**लिखा- कुबूल है से सात फेरे तक, कृष पाठक संग अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी**

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस सारा खान एक फिर बार अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सारा ने कृष पाठक संग कोर्ट मैरिज करने के बाद अब हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की। एक्ट्रेस ने दोनों ही शादियों की फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। फोटो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा- कुबूल है से सात फेरे तक...हमारे प्यार ने अपनी कहानी खुद लिखी और हम दोनों की दुनिया ने हां कह दिया। सारा दुल्हन के जोड़े में काफी सुंदर लग रही थी। जहां हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने के लिए एक्ट्रेस ने लाल रंग का लंहगा पहना। वहीं, निकाह के लिए वो गोल्डन रंग के लहंगे में नजर आ रही थी। सारा की इस नई जर्नी पर इंडस्ट्री और फैंस से उन्हें खूब बधाईयां मिल रही हैं। इससे पहले 6 अक्टूबर में सारा ने एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की थी। दोनों ने फैमिली और करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया था। उस वक्त कपल ने कहा था कि अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेंगे। सारा ने जब कृष संग अपनी शादी का ऐलान किया, तब उन्हें बहुत ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। दूसरे धर्म में शादी करने की वजह से सारा को ऑनलाइन ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। बाद में एक्ट्रेस ने वीडियो बनाकर ट्रोलर्स को फटकार लगाई थी। बता दें कि कृष से सारा की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने एक्टर अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था। अली ने रियलिटी शो 'सच का सामना' के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी।

### ईडी ने अनिल अंबानी ग्रुप की संपत्तियों को जब्त किया

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी और उनके रिलायंस ग्रुप पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। ताजा कार्रवाई में ईडी ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक से जुड़ी कथित धोखाधड़ी के मामलों में अनिल अंबानी ग्रुप की 1,120 करोड़ रुपये मूल्य की 18 से अधिक संपत्तियों को जब्त किया है। इस कार्रवाई के बाद अब तक कुल जब्ती की गई संपत्तियों का मूल्य 10,117 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। ईडी ने बताया कि इस नई जब्ती में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 7 प्रॉपर्टी, रिलायंस पावर लिमिटेड की 2 प्रॉपर्टी और रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की 9 प्रॉपर्टी शामिल हैं।

### बेकाबू कार ने भीड़ को रौंदा 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**पेरिस।** फ्रांस के ओवरसीज टेरिटरी ग्वाडेलोप के सैंट-एनी इलाके में क्रिसमस के जश्न की तैयारियां उस वक्त चीख-पुकार में बदल गईं, जब एक तेज रफ्तार कार वहां मौजूद भीड़ में जा घुसी। इस दिल दहला देने वाले हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना टाउन हॉल और चर्च के सामने स्थित शोएल्चर स्क्वायर पर हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग क्रिसमस इवेंट की सजावट और तैयारियों में जुटे हुए थे। त्योहार के उल्लास के बीच हुए इस हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। रेडियो कैराइब्स इंटरनेशनेल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दुर्घटना में कुल 19 लोग इसकी चपेट में आए, जिनमें से 10 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। घायलों में से तीन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## फिर वही दाग




एक बार फिर वही दाग वर्दी पर सोश्यल मीडिया पर वायरल हो रहा है, खासकर कानूनी सलाहकारों के क्षेत्र में यह जमकर वायरल हो रहा है। ऐसे ही मुद्दे को लेकर किसी समय देश के एक जस्टिस ने ऐसी टिप्पणी की थी जो इन हालातों को देखते हुए वर्तमान हाईटेक युग में आने पर भी लागू और सही ही कही जाएगी। पास के राज्य में वर्दी के नशे में चूर होकर जो कुछ किया उसका वीडियो सोश्यल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यहां तक की मामले में समझाइश देने के बतौर एक महिला से जो कि कानूनी सलाहकार थी के साथ भी अभद्रतापूर्ण बातचीत की। ये पूरा मामला नौकर के मालिक बन जाने जैसा ही है। इन हालातों को देखने के बाद यह साफ हो रहा है कि कागजों में ही जनतंत्र है शेष हालातों में देखने पर तो साफ हो रहा है कि तंत्र ने सब कुछ काबू कर रखा है और वह अपने तईं नियम कायदों का उपयोग कर रहा है। किसी को कुछ नहीं समझा जा रहा है। ये बात अलग है कि मामले में न्यायालय ने एक बार फिर बता दिया कि इस देश में नियम कानून कायदे हैं और उनका पालन नहीं करने वाले दंडित किए जाने में देर नहीं की जाएगी। न्यायालय के आदेश ने एक बार फिर यह बता दिया कि नियम कानून कायदे का पालन वर्दी को करना ही होगा। हाल ही में नागदा में भी एक दिव्यांग के साथ ऐसा ही मामला सामने आया था। अफसरों के संज्ञान में मामला आने पर तत्काल ऐसे वर्दीधारी को निलंबित किया गया। खुसूर-फुसूर है कि पूर्ववर्ती वर्षों में वर्दी के इस तरह के कई मामले सामने आए। कुछ लोगों ने न सुधरने का प्रण किया हुआ है। उच्च शिक्षित समाज में अब ऐसे मामले स्वीकार्य नहीं हैं। इसके बाद भी इस तरह के मामले सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहे जाएंगे। कहीं न कहीं अब भी कुछ ऐसी मानसिकता के वर्दीधारी रक्षक बनने की बजाय भक्षक के रूप में ही हैं।

## न्यूज कॉलम

### भैरवगढ़ जेल का अस्पताल वेंटिलेटर विहीन



**उज्जैन।** कैदियों से ओवर लोड भैरवगढ़ जेल के अस्पताल में वेंटिलेटर की दरकार है। अस्पताल में कैदियों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर्स तक नहीं है। ऐसे में अचानक किसी के बीमार पड़ने पर उसे जिला अस्पताल लेकर आना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि भैरवगढ़ जेल में क्षमता से अधिक कैदी हैं। जेल में कैदियों को रखने की क्षमता करीब 2200 है, लेकिन फिलहाल में इससे अधिक संख्या में कैदी रह रहे हैं। इसका असर जेल की व्यवस्थाओं पर भी पड़ रहा है। जेल में स्वास्थ्य सेवाओं की दरकार है। मुख्य रूप से जेल के अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर्स और एक वेंटिलेटर मशीन नहीं है। जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अस्पताल की समस्या यहां बनी हुई है। तबीयत खराब होने पर कैदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। जेल में 2200 कैदियों की स्वास्थ्य व्यवस्था तीन डॉक्टरों के भरोसे हैं। जानकारी के मुताबिक जेल का अपना एक ही डॉक्टर है। स्वास्थ्य विभाग ने दो डॉक्टरों को जिला जेल के लिए प्रतिनियुक्त कर रखा हैं। महिला डॉक्टर एक भी नहीं हैं। इतना ही नहीं, जेल में मेडिकल स्टॉफ का भी अभाव हैं, जिसके चलते मरीजों को बाहर भी इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही हैं। इमरजेंसी में सरकारी अस्पताल लाना ही एक मात्र विकल्प जेल में कैंसर, पैरालिसिस और हार्ट की गंभीर बीमार के सैकड़ों मरीज कैदी हैं। जिनकी अचानक तबियत खराब होने और समय पर इलाज शुरू नहीं होने से ये बीमार कैदी दर्द से कराहते रहते हैं। समस्या तब विकराल हो जाती है, जब कोई कैदी गम्भीर रूप से बीमार हो जाता है और असहनीय पीड़ा से परेशान हो उठता है। ऐसी स्थिति में बीमार कैदी को इलाज के लिए तकरीबन 8 किलोमीटर दूर चरक अस्पताल भेजना पड़ जाता है। ऐसा वक्त उस कैदी के साथ साथ जेल प्रशासन के लिए भी असहज और सिरदर्द बन जाता है। चूंकि चरक अस्पताल भेजने से विभागीय नियमानुसार पहले तमाम प्रकार की कागजी कार्रवाई करनी पड़ती है। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी पड़ती है। कैदी की सुरक्षा के लिए अलग से इंतजाम करना पड़ता है। तब तक कैदी की परेशान कम नहीं होती है।





# होमगार्ड के स्थापना दिवस पर परेड मार्च

## कलेक्टर सिंह को दी सलामी, भूकंप के दौरान फंसे रेस्क्यू का डेमोन्स्ट्रेशन दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा संगठन ने अपना स्थापना दिवस जिला होमगार्ड कार्यालय उज्जैन में हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सेरेमोनियल ड्रेस में सुसज्जित आर्कषक परेड के द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर रौशन सिंह को सलामी दी गई, निरीक्षण वाहन में बैठकर कलेक्टर उज्जैन ने परेड के 08 प्लाटूनों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में आर्म्स प्लाटून, महिला प्लाटून, यातायात प्लाटून, आपदा मित्र व सिविल डिफेन्स प्लाटून के साथ आधुनिक बचाव उपकरणों से लेस एसडीईआरएफ के 2 वाहन प्लाटून भी सम्मिलित थे। इस दौरान जवानों द्वारा भूकंप के दौरान क्षतिगृस्त बिल्डिंग में फंसे नागरिकों के रेस्क्यू का डेमोन्स्ट्रेशन दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा समारोह की अध्यक्षता डिवीजनल कमाण्डेंट रोहिताश पाठक के द्वारा की गई। जिला होमगार्ड कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने होमगार्ड जवानों को उद्बोधित करते हुए कहा कि जिले में वर्षा काल के दौरान होमगार्ड जवानों ने शौर्य एवं कुशलता का परिचय देते हुये विपरीत परिस्थितियों में जल आपदा से नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर जान-माल की सुरक्षा की है।

स्थापना दिवस परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर दिलीप बामनिया व टूआईसी प्लाटून कमांडर शीला चौधरी के द्वारा किया गया, आर्म्स प्लाटून का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर पुष्पेन्द्र त्यागी, द्वितीय आर्म्स प्लाटून का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर हेमलता पाटीदार, पुरूष प्लाटून का नेतृत्व ए.एस.आई. बी.एल. सारेल, महिला प्लाटून का नेतृत्व नायक सुनीता ललावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यालय का समस्त स्टाफ, शहर एवं देहात के गार्ड एवं थानों में तैनात जवान व उनका परिवार उपस्थित रहा। होमगार्ड कार्यालय में दिन के समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

उत्तर की ठंडी हवाओं ने कपकपी के हालात पैदा किए, शीतलहर के आसार बनेंगे

# न्यूनतम तापमान 10 डिग्री अब तापमान में गिरावट का दौर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को सुबह जलद जागने वाले आम शहरी को ठंडी हवाओं ने कपकपाया है और ठंडी हवाओं का दौर दिन भर जारी रहा। यहां तक की दिन में सूरज की रोशनी के बावजूद भी ठंड का प्रकोप रहा है। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है।

नवंबर माह में तापमान 10.8 डिग्री तक आकर सिमट गया था। उसके बाद एक बार फिर से तापमान बढा था। दिसंबर में ठंड के आसार तेज हो गए हैं। हिमालय के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है और वहां से चल रही उत्तर-पूर्व की हवाओं ने अब मालवांचल को भी ठंडक के आगोश में समेटने का काम कर दिया है। शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात ठंडी हवाओं ने एक बार फिर से तेजी का रूख कर लिया। इसके कारण से शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर जा पहुंचा। एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब पौने दो डिग्री सेंटीग्रेड गिरा हुआ दर्ज किया गया है। इसके उलट दिन के अधिकतम तापमान में एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब आधा डिग्री सेंटीग्रेड की बढ़त दर्ज हुई है।

### दिसंबर में पिछ्ले 5 साल का न्यूनतम तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 20-12-21 | 5.0 |
| 14-12-24 | 6.0 |
| 20-12-20 | 6.5 |
| 29-12-22 | 8.8 |
| 23-12-23 | 9.8 |

### दिसंबर में पिछ्ले 5 साल में अधिकतम तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 02-12-21 | 16.0 |
| 28-12-20 | 19.0 |
| 29-12-24 | 19.2 |
| 05-12-23 | 20.5 |
| 13-12-22 | 22.0 |

**स्त्रोत-** शासकीय जीवाजी वेधशाला,उज्जैन।
**नोट-** आंकडे सेंटीग्रेड में हैं।

### शीतलहर एवं ठंड बढ़ेगी

मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर माह ठंड के बीच गुजरेगा। वहीं हवा की गति तेज होने पर शीत लहर भी महसूस होगी। वर्तमान में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। इसके साथ ही हवाओं ने भी गति पकड़ी है। उत्तर पूर्व की हवाओं की गति से ठंड का प्रभाव भी बढ़ेगा। शीतलहर जैसी स्थिति भी आने वाले दिनों में बनने की संभावना है।

### दुबके रहे जानवर भी

तापमान में गिरावट एवं ठंडी हवाओं के दौर से शुक्रवार रात को आवारा मवेशी दुबके हुए देखे गए। शनिवार को दिन में आवारा मवेशी भी दुबके हुए और सूरज की रोशनी में सोए देखे गए। आमजन भी दोपहर में घरों के बाहर निकले एवं घरों की छत पर सूरज की रोशनी में धूप लेते देखे गए।

### दिन में चली 6 किमी प्रति घंटे की ठंडी हवा

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार को सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री एवं शाम को अधिकतम 27 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह आर्द्रता 81 एवं शाम को 43 प्रतिशत दर्ज की गई। शनिवार सुबह हवाओं की गति शून्य रही जबकि दिन में सूर्य की रौशनी के दौरान ठंडी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

# यूरिया के लिए आधार कार्ड लगा रहे हाजिरी

## दो बोरी यूरिया के लिए घंटों खड़े किसान, पूर्व विधायक बोले - सरकार वितरण केंद्र बढ़ाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाचरौद में यूरिया की कमी इस कदर बढ़ गई है कि किसान सुबह चार बजे से ही मार्केटिंग सोसाइटी के बाहर लाइन लगाने लगे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि किसान अपनी जगह बचाने के लिए जमीन पर आधार कार्ड रखकर लाइन में हाजिरी लगा रहे हैं।

कई किसान बताते हैं कि वे दो बोरी यूरिया के लिए घंटों खड़े रहते रहते थक जाते हैं, इसलिए थोड़ी देर के लिए हटने पर अपनी जगह पर आधार कार्ड रख देते हैं ताकि नंबर न छूटे। सोसाइटी प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी के मुताबिक अभी स्टॉक सीमित है, इसलिए एक किसान को सिर्फ दो बोरी ही दी जा रही है। अगर सप्लाई बढ़ी तो पांच बोरी तक भी दी जा सकती हैं। गेहूं की बुवाई शुरू होने के बाद यूरिया की मांग अचानक बढ़ गई है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है।

### संकट पर राजनीति गरमाई



इधर यूरिया की किल्लत पर राजनीति भी तेज हो गई है। पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह भुंवसा और नगर पालिका अध्यक्ष सोसाइटी पहुंचे और किसानों से बात की। गुर्जर ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, भाजपा ने किसानों को हमेशा लाइन में खड़ा रखा, अब खाद के लिए भी परेशान कर रही है। सरकार को वितरण केंद्र बढ़ाने चाहिए। किसान चाहते हैं कि जल्द सप्लाई बढ़ाई जाए ताकि उन्हें बुवाई के महत्वपूर्ण समय में बार-बार लाइन की परेशानी न झेलनी पड़े।

## उज्जैन में चलेगा स्पिरिचुअल क्रूज, क्षिप्रा नदी पर नाव से होंगे मंदिरों के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ मेला 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए उज्जैन प्रशासन ने एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इसके तहत पहली बार वॉटर ट्रांसपोर्ट एंड मंदिर दर्शन की सुविधा शुरू की जाएगी, जिसमें क्षिप्रा नदी पर नाव-आधारित जल-मार्ग बनाकर शहर के प्रमुख मंदिरों और पवित्र स्थलों को जोड़ा जाएगा।

इस योजना में कुल 5 वॉटर रूट विकसित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 13 किलोमीटर होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए 29 नए घाट बनाए जा रहे हैं। इन घाटों के साथ स्टॉप डैम भी निर्मित किए जा रहे हैं, ताकि नदी में सालभर पर्याप्त जल स्तर बना रहे और नावों का संचालन निर्बाध हो सके। हर घाट पर जेट्टी (नौका चढ़ने-उतरने का प्लेटफॉर्म) भी तैयार किया जाएगा।

# ट्रैफिक सिग्नल टाइमिंग में न होने से बढ़ रही वाहन चालकों की परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नलों की टाइमिंग में तालमेल न होने से लोगों को रोजाना परेशानी झेलना पड़ रही है। सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय यातायात का दबाव बढ़ जाता है, लेकिन सिग्नल उस हिसाब से सेट नहीं होने के कारण वाहन चालकों को हर चौराहे पर रुकना पड़ता है।

शहर में लगभग 6 वर्ष पहले 17 करोड़ की लागत से ट्रैफिक इंटीग्रेटेड सिस्टम लगाया गया था। इसके तहत चामुंडा चौराहा सहित 16 प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट सिग्नल लगाए गए थे, लेकिन समय के साथ इनकी सेटिंग में सुधार नहीं होने से अब ये स्मार्ट सिग्नल भी जाम की वजह बनते जा रहे हैं। कई चौराहों पर एक दिशा से वाहन कम आते हैं, जबकि बाकी तीन दिशाओं पर ट्रैफिक का घनत्व काफी अधिक रहता है। इसके बावजूद चारों तरफ सिग्नल की टाइमिंग समान रखी गई है, जिससे कम भीड़ वाले मार्गों पर भी वाहन चालकों को लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ रहा है। इंदौर रोड और देवास रोड पर ऐसे कई चौराहे हैं जहां वास्तविक ट्रैफिक दबाव की तुलना में सिग्नल का समय अधिक दिया गया है। भरतपुरी, नागझिरी (सर्किट हाउस के आगे), गाड़ी अड्डा चौराहा और उद्योगपुरी की ओर जाने वाली सड़कों पर यह समस्या सबसे अधिक दिखाई देती है। शहरवासियों का कहना है कि यदि हर चौराहे पर ट्रैफिक की व्यस्तता के हिसाब से टाइमिंग सेट की जाए तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। चामुंडा चौराहा और तीन बत्ती चौराहा पर भी लोगों को 1 मिनट से अधिक समय तक ग्रीन सिग्नल का इंतजार करना पड़ रहा है।

# टेबल टेनिस स्पर्धा लक्ष्य, अथर्व और सागर ने जीती



## बालिका वर्ग में वंशिका, मेघा और नव्या विजेता रहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय राजमाता सिंथिया बहुद्देशीय खेल परिसर नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित 14, 17 और 19 वर्ष की बालक/बालिकाओं की टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

स्पर्धा के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि इस स्पर्धा में उत्तर/दक्षिण विधानसभा क्षेत्र (संकुल) के खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सतीश मेहता थे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एस पी झा, अंकुर जैन, मनोज शर्मा, अमन सिंह बेस, आशीष श्रीवास्तव, अक्षय नीमा, मेघा सरवटे, विनीता जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- 19 वर्ष बालक : विजेता लक्ष्य बड़ौदिया, उप विजेता निधिश तिवारी, 17 वर्ष बालक : विजेता अथर्व जारवाल, उप विजेता गर्वित तिवारी, 14 वर्ष बालकः विजेता सागर भीरोडे, उप विजेता आरव जैन, 19 वर्ष बालिका : विजेता वंशिका मोतियानी, उप विजेता शगुन भीरोडे, 17 वर्ष बालिका : विजेता मेघा भदावाले, उप विजेता इशिता चौहान, 14 वर्ष बालिका : विजेता नव्या जैन, उप विजेता ईनाया खान, राजेश शर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### पेटेंट अधिकार शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए आवश्यक

**उज्जैन।** पेटेंट अधिकार एक कानूनी अधिकार है जो किसी आविष्कार पर आविष्कारक को विशेष अधिकार देता है, ताकि वह उस आविष्कार को दूसरों को बनाने, उपयोग करने या बेचने से रोक सके।यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, की विधि अध्ययनशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता विषय पर आयोजित विशिष्ट जागरूकता व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए कहीं।विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. शरद सालुंके,इंडियन पेटेंट एटर्नी, इंडियन पेटेंट ऑफिस तथा एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों–पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन तथा इनके व्यावहारिक महत्व–पर विद्यार्थियों को विस्तृत एवं प्रभावी जानकारी प्रदान की।

### विधायक कार्यकर्ताओं और जनता की सुने समस्याएं : खंडेलवाल

**उज्जैन।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों की नियमित उपलब्धता संगठन और शासन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत बनाएगी। मंत्रियों की तरह ही विधायक सप्ताह में एक दिन जिला अध्यक्ष और सांसद के साथ जिला कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं और जनता की समस्याएं सुनें। इससे कार्यकताओं की हिचक समाप्त होगी और संगठन के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता हैं, इसलिए सदैव व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर संगठन के हित में कार्य करें। प्रत्येक विधायक अपना अधिकतम समय एसआइआर में केंद्रित करें और वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव को चुनौती के रूप में लें। सभी विधायक अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाकर संगठन की गतिविधियों का नियमित निरीक्षण करें और कार्यकताओं से निरंतर संवाद बनाए रखें। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि इस वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष मना रहे है, जिसका समापन 25 दिसंबर को ग्वालियर और रीवा के कार्यक्रमों में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा। 16 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उन्होंने बूथ स्तर पर सूची का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने और यदि किसी मतदाता का नाम गलत जुड़ा है या किसी का छूटा है तो संबंधित दावे-आपत्तियां सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची का सही और पूर्ण शुद्धिकरण हो सके।

## देवासरोड पर स्कार्पियो-आयशर के बीच भिड़ंत

# शादी से लौट रहे 2 दोस्तों की हुई मौत

### एक का जनवरी में था विवाह, दूसरा एक बच्चे का था पिता



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देवासरोड पर शुक्रवार-शनिवार रात 3.30 बजे के लगभग स्कॉर्पियो और आयशर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दो दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। दोनों शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। दोनों की मौत के बाद परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि रात में दताना-मताना के बीच स्कॉर्पियो और आयशर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर होने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर दोनों वाहनों को अलग करने के लिए क्रेन बुलवाई गई। आयशर का चालक मौके पर नहीं था। स्कॉर्पियो में दो युवक सवार थे जिन्हें बाहर निकल गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान संदीप पिता सज्जन सिंह पटेल 35 साल निवासी ग्राम असलाना बड़नगर और विशाल पिता भगवान सिंह 26 साल निवासी राजगढ़ हाल मुकाम उज्जैन के रूप में हुई। दोनों के परिजनों को सूचना दी गई और शव शासकीय अस्पताल पहुंच गए। कुछ घंटे बाद ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों स्कूल के समय के दोस्त पवन सोनी निवासी इंदिरा नगर उज्जैन की शादी में शामिल होने के लिए नरवर आए थे। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### विशाल की एक माह बाद थी शादी

पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि विशाल मूल रूप से राजगढ़ का रहने वाला था और उज्जैन में रहकर एमबीए फाइनल का अध्ययन कर रहा था। परिवार ने उसकी शादी तय कर दी थी, घर में तैयारी चल रही थी 12 जनवरी का मुहूर्त निकाला था। संदीप के परिजनों ने बताया कि वह एक बेटी का पिता था और खेती किसानी का काम करता था। दोनों के परिवार उनकी मौत से काफी गमगीन थे। पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव ले जाए गए हैं।

### देवासरोड पर मौत बनकर दौड़ रहे वाहन

उज्जैन और देवास के बीच मार्ग फोरलेन होने के बाद बड़े वाहन मौत बनाकर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। 2 दिन पहले ही लोडिंग ट्रक में सड़क पार कर रहा है ड्राइवर को रौंद दिया था। एक माह पहले बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने कुचल कर मौत की नींद सुला दिया था। मार्ग पर दुर्घटना में घायल होने वालों की संख्या प्रतिदिन सामने आ रही है। उज्जैन देवास रोड के बीच गरोठ ब्रिज भी बन चुका है यहां पर भी लगातार हादसे हो रहे हैं।

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- एसआईआर में अपात्र बाहर हो और पात्र छूटे नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश में चल रहे मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम की निगरानी अब भाजपा विधायक भी करेंगे। वे अपनी टीम बनाकर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बूथवार नजर रखेंगे। मुख्यमंत्री निवास में शुक्रवार को हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में एसआईआर का उठा मुद्दा उठा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाले डेढ़ माह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विधायक को एसआईआर की प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता और समर्पण के साथ शामिल होना होगा, क्योंकि आने वाले चुनाव इसी मतदाता सूची के आधार पर होंगे। वन नेशन, वन इलेक्शन की व्यवस्था के अंतर्गत होने वाले चुनाव भी इसी सूची पर आधारित होंगे। विधायक अपनी टीम के साथ इस पर नजर रखें कि मतदाता सूची में कोई पात्र छूट न और अपात्र का नाम न जुड़ सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में सहकारिता और कृषि मंडी चुनाव कराएंगे। इसके बाद 2027 में निकाय और 2028 में विधानसभा के चुनाव होंगे। इस हिसाब से देखें तो 2026 से हर साल लगातार चुनाव होंगे। इसलिए एसआईआर को लेकर बूथ स्तर तक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय, संवाद और संगठन की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें, ताकि एसआईआर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो सके। रोजगार और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि

## दमदमा का क्लीनिक सामुदायिक भवन के हॉल में लग रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वार्ड 52 के दमदमा का संजीवनी क्लीनिक अब भी सामुदायिक भवन के छोटे हॉल में चल रहा है, क्योंकि उसका पुराना जर्जर भवन एक साल पहले खाली करा दिया था। नए भवन का निर्माण स्वीकृति के अभाव में रुका है, जिससे मरीजों और स्टाफ को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शादी और आयोजनों में क्लीनिक प्रभावित होता है।यहां आने वाले मरीजों और अटेंडरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि भवन निगम की संपत्ति है, इसलिए इसे गिराने के लिए सदन की अनुमति अनिवार्य है। प्रस्ताव सदन में गया भी, लेकिन इस विचार कर वापस प्रस्ताव लाने के निर्देश थे। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि निगम भवन हैंडओवर कर देगा, तो हम वहां संचालन शुरू कर देंगे। स्थानीय पार्षद सुलेखा वशिष्ठ ने बताया कि प्रस्ताव सदन तक पहुंच ही नहीं पा रहा है। अधिकारी काम नहीं कर पा रहे, जिसके चलते सामुदायिक भवन में क्लीनिक संचालित करना पड़ रहा है।

## गिरफ्तारी पर था 5 हजार का इनाम, पूरा गिरोह अब जेल में

# बांसवाड़ा में 103 दिनों से छुपा था से लुटेरी दुल्हन का पति

उज्जैन। लुटेरी दुल्हन का फरार पति 103 दिन बाद बांसवाड़ा से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। लगातार फरार चलने पर पुलिस ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था। उसने अपनी मौसी सास के साथ मिलकर पत्नी का दूसरा विवाह रचाया था और डेढ़ लाख रुपए लिए थे। लुटेरी दुल्हन बनी पत्नी दूसरे दिन ही फरार हो गई थी। अब पूरा गिरोह जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुका है।

**पूरा गिरोह जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा**

अगस्त माह में ग्राम खरसौद कला में रहने वाले रतनलाल सेन ने अपने पुत्र जितेन्द्र की शादी मंदिर में नागदा की रहने वाली नेहा उर्फ पूजा नामक युवती से कराई थी। नेहा दूसरे दिन ही घर से भाग गई थी। रतनलाल ने भाटपचलाना थाने पर शिकायत दर्ज करते हुए बताया था कि उसने शादी कराने वालों को डेढ़ लाख रुपए दिये थे। शादी में दुल्हन नेहा की मौसी आशाबाई गेहलोत, रिश्ता तय कराने वाली विष्णुबाई उसका पति रामचंद्र धाकड़, जस्सु उर्फ राजू बागरी और विनोद शामिल हुये थे। आशाबाई ने रुपए लिये थे।



### 2 बच्चों की मां

पुलिस ने लुटेरी दुल्हन का मामला दर्ज कर 2 बच्चों की मां दुल्हन नेहा पति विनोद, विष्णुबाई उसके पति रामचंद्र और जस्सु उर्फ राजू बागरी को दूसरे दिन गिरफ्तार कर लिया था। जो नागदा और खाचरौद के रहने वाले थे। पूछताछ में सभी ने बताया था कि गिरोह की सरगना दुल्हन नेहा की मौसी आशाबाई और पति विनोद है। गिरफ्त में आये गिरोह के सदस्यों को जेल भेज पुलिस ने आशाबाई की तलाश शुरू की थी। आशा बाई और विनोद की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 25 नवंबर को लुटेरी दुल्हन की मौसी आशाबाई राजस्थान के जयपुर से पकड़ी गई थी।

## डॉ. पेंढारकर ने इंजीनियरिंग कॉलेज प्रभारी प्राचार्य के रूप में चार्ज लिया

# डॉ. श्रीवास्तव को ट्रांसफर पर मिला स्टे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को एक तरफ जहां सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. उमेश पेंढारकर ने प्रभारी प्राचार्य का चार्ज लिया, वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. जेके श्रीवास्तव को रीवा ट्रांसफर के आदेश पर हाईकोर्ट से स्टे मिल गया।

इंजीनियरिंग कॉलेज में डॉ. पेंढारकर और डॉ. श्रीवास्तव के बीच कुछ महीनों से विवाद चल रहा है। 12 दिनों के भीतर तीसरी बार प्राचार्य बदलने के आदेश जारी हुए। गुरुवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने डॉ. पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए। आदेश में उन्हें संस्था प्रमुख एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी घोषित किया गया। इसके बाद शुक्रवार दोपहर डॉ. पेंढारकर ने पदभार ग्रहण कर लिया। इधर, विभाग ने 23 नवंबर को डॉ. श्रीवास्तव को प्रोफेसर पद पर इंजीनियरिंग कॉलेज, रीवा ट्रांसफर का आदेश जारी किया था, जबकि डॉ. श्रीवास्तव केमिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं और उज्जैन के अलावा प्रदेश के किसी भी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में यह ब्रांच नहीं है।

### एक-दूसरे के खिलाफ जांच और शिकायतों से बढ़ता गया विवाद

इंजीनियरिंग कॉलेज में पदस्थ रहते हुए डॉ. पेंढारकर और डॉ. श्रीवास्तव के बीच पुरानी अनबन चली आ रही थी। दोनों के बीच का विवाद तब गहराने लगा, जब डॉ. श्रीवास्तव के प्रभारी प्राचार्य रहते हुए उन्होंने डॉ. पेंढारकर के प्राचार्य कार्यकाल में कॉर्पस फंड से बिना स्वीकृति के 1.80 करोड़ रु. के फेस लिफ्टिंग कार्य को लेकर जांच करवाई।

इसमें वित्तीय अनियमितता और दस्तावेजों को नियम विरुद्ध रखने एवं जांच समिति के समक्ष दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाने के संबंध में एफआईआर के लिए एसपी और नानाखेड़ा थाना प्रभारी को पत्र लिख दिए। इधर, जब डॉ. पेंढारकर प्रभारी प्राचार्य बने तो उन्होंने डॉ. श्रीवास्तव के कार्यकाल में हुई आर्थिक अनियमितताओं की एक छात्र संगठन की शिकायत पर जांच करवाई, जिसमें कमेटी की अनुशंसाओं के आधार पर डॉ. श्रीवास्तव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए विभागीय मुख्यालय को भी पत्र भेजा गया।

### दोनों न्यायालय तक भी पहुंचे

प्राचार्य पद को लेकर दोनों में रस्साकसी भी चलती रही और दोनों न्यायालय तक भी पहुंचे। न्यायालय के निर्णय और याचिका को निरस्त करने के फैसले के बाद डॉ. पेंढारकर प्राचार्य बने और दूसरी बार फिर डॉ. श्रीवास्तव ने प्राचार्य का चार्ज लिया। नवंबर में जब डॉ. श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य थे, तब आधी रात को डॉ. पेंढारकर ने कुछ फैकल्टी मेंबर के साथ कॉलेज भवन में प्रवेश किया, जिसको लेकर अगले दिन दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत कर एफआईआर की मांग की।

## डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर कांग्रेस कमेटी और अजाक्स संगठन सहित विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने टावर चौक स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, पुष्पांजलि अर्पित की। फ्रीगंज टावर चौक स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर भाजपा और अजाक्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य पहुंचने लगे थे। प्रतिमा स्थल को फूलों से सजाया गया था। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल चढ़कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस के नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि, हम सभी गौरवान्वित हैं कि बाबा साहेब ने भारतवासियों को एक ऐसा संविधान दिया जो सभी को मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

## शहर में आवागमन की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार को मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर यातायात और आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा एवं यातायात पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शहर में प्रवेश के मुख्य मार्गों के बारे में जानकारी दी गई कि प्रवेश के लिए मुख्य मार्ग इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मार्ग, उन्हेल-नागदा मार्ग, बड़नगर मार्ग और चिंतामण जवासिया मार्ग है।

सिंहस्थ 2028 के दौरान शाही स्नान/पर्व स्नान के दौरान यातायात मार्ग की प्रस्तावित व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। इसमें इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मालवा मार्ग, बड़नगर मार्ग, चिंतामण मार्ग में सार्वजनिक वाहन तथा निजी वाहनों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था और वापसी की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए मेन पॉवर की अधिक आवश्यकता होगी तथा शहर में प्रवेश में मुख्य मार्गों पर शहर से कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। जहां पर निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहां से फिर यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए सार्वजनिक बसों का संचालन किया जाएगा।

## चल रहे 6 हजार ई रिक्शा की बेटरियों की निगरानी भी जरूरी..

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर में ई रिक्शा की बेटरी फटने से हादसा हो गया और इस तरह का हादसा उज्जैन में भी हो सकता है। यहाँ 6 हजार ई रिक्शा चल रहे हैं। शहर में 7 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा है, जो यातायात बाधित कर रहे हैं। इनकी बैटरी के रखरखाव पर ध्यान नहीं रखा जाता है। इंदौर में गत दिनों ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक महिला की मौत के बाद ई-रिक्शों के संचालन पर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल के कुछ वर्षों में उज्जैन में भी ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है। शहर की सड़कों पर तकरीबन 7 हजार ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं।

इनमें से अधिकांश ई-रिक्शा चालक रिक्शे की बैटरी का नियमित तरीके से रखरखाव नहीं करते, ओवर चार्जिंग, सफाई में कोताही और डिस्टिल्ड वाटर बदलने में भी लापरवाही की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस भी ई-रिक्शा को लेकर किसी तरह की जाँच नहीं कर रही है। ई-रिक्शा में सवारी करने वाले यात्रियों के लिए किसी दिन ये लापरवाही इंदौर की तरह यहाँ भी बड़ा खतरा बन सकती है। शहर में संचालित ज्यादातर ई-रिक्शा पुराने हो चुके हैं जिनमें उपयोग की जा रही बैटरी भी एक्सपायर हो चुकी है। बैटरी विक्रेताओं की मानें तो ई-रिक्शा में उपयोग की जाने वाली बैटरी चार बैटरी का सेट होता है। एक बैटरी 12 वाट की होती है। इनकी गारंटी 12 माह से लेकर लगभग दो साल तक की होती है।

# उज्जैन संभाग के 12441 शिक्षक नहीं लगा रहे ई-अटेंडेंस

### उज्जैन के 2133 शिक्षकों ने तो एक बार भी एप नहीं खोला, वेतन रोका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लाख कोशिशों के बाद भी सरकारी स्कूल के शिक्षक ई-अटेंडेंस लगाने को तैयार नहीं है। उज्जैन संभाग की बात करें तो यहां के 31466 शिक्षकों में से 12 हजार से ज्यादा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करते। उज्जैन जिले के 2133 शिक्षक तो ऐसे है जिन्होंने अटेंडेंस के लिए अब तक एक बार भी एप नहीं खोला। इसको लेकर विभाग ने नवंबर का वेतन भुगतान रोक दिया।

इधर, तनख्वाह नहीं मिलने पर शिक्षक संगठन पदाधिकारियों ने अफसरों को नियमों का हवाला देते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया। इस पर विभाग ने अब दिसंबर माह में ई-अटेंडेंस लगाने का फाइनल अल्टीमेटम देकर होल्ड किया वेतन रिलीज करना शुरू कर दिया है, लेकिन इन्हें यह स्पष्ट किया जा रहा हैं कि दिसंबर माह का वेतन ई-अटेंडेंस के आधार पर ही मिलेगा। सख्ती शुरू होने के बाद ई-अटेंडेंस का आंकड़ा भी 5 दिन में करीब 10% बढ़ गया। नवंबर के अंतिम वर्किंग डे 28 नंवबर को 56.73% रही शिक्षकों की ई-अटेंडेंस 5 दिसंबर को बढ़कर 65.45 प्रतिशत हो गई। ई-अटेंडेंस लगाने वाले संभाग के 17850 शिक्षकों की संख्या अब 20 हजार 593 हो गई है।



### ई-अटेंडेंस से बचने इस तरह के बहाने

1. स्कूल के दूरस्थ इलाकों में नेटवर्क नहीं मिलता। इस कारण अटेंडेंस नहीं लगती।
2. स्कूल पहुंचने के बाद भी कई बार मोबाइल एप सही लोकेशन नहीं बताता।
3. एसआईआर सर्वे के कारण फिल्ड में काम करते। वहां से लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाती।

### शाला प्रभारी भी नहीं मानते शिक्षा विभाग के आदेश

उज्जैन संभाग में कुल 8753 स्कूलों में शाला प्रधान, एचएम या प्राचार्य है। इनमें से सिर्फ 54.48 प्रतिशत ने ही नवंबर में ई-अटेंडेंस लगाई। 46.52 प्रतिशत शाला प्रधान ने सरकार का ई-अटेंडेंस आदेश नहीं माना। उज्जैन जिले के कुल 1680 शाला प्रधानों में से नवंबर में सिर्फ 39.11 प्रतिशत (657) ने ही ई-अटेंडेंस लगाई। आगर-मालवा में सबसे अच्छा 69.34 प्रतिशत रहा। सख्ती के बाद 5 दिसंबर की स्थिति में संस्था प्रधान की उपस्थिति 10 प्रतिशत बढ़ते हुए 64.71 प्रतिशत हो गई। यहां भी उज्जैन 49.17 प्रतिशत के साथ संभाग में सबसे पीछे है। रतलाम 77.11 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा। उज्जैन में पायलेट प्रोजेक्ट हुआ, यहीं फेलः इस साल ई-अटेंडेंस लागू करने से पहले सीएम के ग्रह जिले उज्जैन में इसका पायलेट प्रोजेक्ट हुआ था। यहां सफल होने के बाद ही इसे जुलाई माह से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया, लेकिन ई-अटेंडेंस में अब उज्जैन जिला ही फिसड्डी हो गया। नवंबर अंत तक यहां के 42.8 प्रतिशत शिक्षक ही ई-अटेंडेंस लगा रहे थे। सख्ती के बाद 5 दिसंबर तो यह आंकड़ा बढ़कर 50.91 प्रतिशत हो गया।

# जिले में वर्षा काल के दौरान होमगार्ड विभाग ने किया सराहनीय कार्य- कलेक्टर

## होमगार्ड ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को जिला होमगार्ड कार्यालय में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में होमगार्ड का स्थापना दिवस मनाया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने होमगार्ड जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में वर्षा काल के दौरान होमगार्ड जवानों ने शौर्य एवं कुशलता का परिचय देते हुए विपरीत परिस्थितियों में जल आपदा से नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर जान-माल की सुरक्षा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डिवीजनल कमाण्डेंट रोहिताश पाठक द्वारा की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत डिवीजनल कमाण्डेंट रोहिताश पाठक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर सेरेमोनियल ड्रेस में सुसज्जित आकर्षक परेड द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। निरीक्षण वाहन में बैठकर कलेक्टर उज्जैन ने परेड के 08 प्लाटूनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आर्म्स प्लाटून, महिला प्लाटून, यातायात प्लाटून, आपदा मित्र व सिविल डिफेन्स प्लाटून के साथ आधुनिक बचाव उपकरणों से लेस एसडीईआरएफ के 02 वाहन प्लाटून भी सम्मिलित थे। निरीक्षण उपरांत विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा द्वारा डायरेक्टर जनरल होमगार्ड मध्यप्रदेश का संदेश" नागरिक सुरक्षा

गृह रक्षक संगठन ने देश की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह हमारी सुरक्षा एवं सेवा में निरंतर कार्यरत हैं, का वाचन किया गया। परेड के उपरांत होमगार्ड जवानों के मेधावी छात्र/छात्राओं को मंच से कलेक्टर द्वारा उत्साहवर्धन राशि के चैक प्रदाय किए गए। इसके पश्चात वर्ष के दौरान आपदा प्रबंधन, लॉ एण्ड आर्डर, व्हीवीआईपी ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/जवानों को कलेक्टर द्वारा मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत प्लाटून कमाण्डर श्रीमती शीला चौधरी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त बिल्डिंग में फंसे नागरिकों के रेस्क्यू का डेमोन्स्ट्रेशन दिया गया। स्थापना दिवस परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर दिलीप बामनिया व टूआईसी प्लाटून कमाण्डर शीला चौधरी द्वारा किया गया।

आर्म्स प्लाटून का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर पुष्पेन्द्र त्यागी, द्वितीय आर्म्स प्लाटून का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर हेमलता पाटीदार, पुरूष प्लाटून का नेतृत्व ए.एस.आई. बी.एल. सारेल, महिला प्लाटून का नेतृत्व नायक सुनीता ललावत, यातायात प्लाटून का नेतृत्व कंपनी क्वाटर मास्टर सुनील जैन, सिविल डिफेन्स प्लाटून का नेतृत्व सीडीव्ही आशुतोष व्यास, आपदा मित्र प्लाटून का नेतृत्व जय प्रकाश एवं एसडीईआरएफ के वाहन के प्लाटूनों का नेतृत्व सैनिक महेश कुशवाह, सैनिक आशीष चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कार्यालय का समस्त स्टॉफ, शहर एवं देहात के गार्ड एवं थानों में तैनात जवान व उनका परिवार उपस्थित रहा। होमगार्ड कार्यालय में दिन के समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें होमगार्ड जवान, सिविल डिफेन्स, आपदा मित्र व उनका परिवार शामिल हुआ।

## आपकी खबरें...

### जोन कार्यालयों में 13 को नेशनल लोक अदालत

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा शासन के निर्देशानुसार13 दिसंबर को शहर के सभी जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत लगेगी। इस लोक अदालत में शहर के करदाता अपने बकाया संपत्ति कर और जलकर का भुगतान कर निगम द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगे। नेशनल लोक अदालत के दौरान संपत्ति कर के उन प्रकरणों में, जिनमें कर एवं अधिभार 50 हजार रुपए तक बकाया है, अधिभार पूरी तरह माफ किया जाएगा। 50 हजार से एक लाख रुपए तक के कराया में अधिभार में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एक लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जलकर/उपभोक्ता प्रभार से जुड़े मामलों में भी इसी तरह विशेष राहत दी गई है। 10 हजार रुपए तक के बकाया पर अधिभार पूरी तरह माफ रहेगा, जबकि 10 हजार से 50 हजार रुपए तक के बकाया में 75 प्रतिशत और इससे अधिक राशि होने पर 50 प्रतिशत अधिभार माफी की सुविधा मिलेगी। यह छूट केवल एक बार ही दी जाएगी।

### मतदाताओं की सुविधा हेतु वार्डो में निगम ने स्थापित किये हेल्प डेस्क

**उज्जैन।** शासन निदेर्शानुसार मतदान सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत उच्च अधिकारियों के साथ ही बीएलओ एवं नगर निगम कर्मचारियों द्वारा घर घर पहुंचकर नागरिकों के फार्म भरवाए जा रहा है इसके साथ ही आयुक्त एवं अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार मतदाताओं की सुविधा एवं सहयोग हेतु शहर के समस्त 54 वार्डो एवं नगर निगम झोन कार्यालयों में हेल्प डेस्क सिापित किये जाकर एक कर्मचारी एवं आपरेटर को नियुक्त किया गया है। मतदाताओं के निर्वाचन नामावली वर्ष 2003 अंतर्गत जानकारी ढूंढने में सहायता एवं विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी अन्य तकनीकी सहायता हेतु हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास के प्रकरण में दिए विभागीय जांच के निर्देश

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले में एक मदिरा ठेकेदार द्वारा आत्महत्या के पूर्व बनाए गए वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रकरण प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर श्रेणी का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर इस मामले में देवास की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सहायक आयुक्त के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ की गई है।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 112 रोगी हुए लाभान्वित




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद औषधालय करोहन के द्वारा ग्राम पिपलियाराघो में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र जैन ने उपस्थित जनों को हेमंत ऋतुचर्या के बारे में बताया कि हेमंत ऋतु भारत में शीत ऋतु (नवम्बर - जनवरी) के आगमन के साथ प्रारंभ होती है। यह अपने साथ पर्यावरण और हमारे स्वास्थ्य में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। इस ऋतु में मनुष्य की पाचन शक्ति व शारीरिक शक्ति चरम पर होती है। हेमंत ऋतु में संतुलित ऋतुचर्या का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऋतु में आयुर्वेद के अनुसार खट्टे, मीठे, नमकीन स्वाद वाले गरिष्ठ और स्निग्ध भोजन का सेवन करना चाहिए, जैसे दूध ,घी ,गुड़, नए चावल, उड़द की दाल, तिली से बने व्यंजन सेवन, मसालों में काली मिर्च दालचीनी, हल्दी, लौंग को विशेष रूप से प्रयोग करना चाहिए। जीवन शैली में गर्म तेल से मालिश करना,धूप सेकना, गर्म वस्त्र पहनना और गर्म स्थान पर रहना शामिल है, जिससे कफ दोष का संतुलन बना रहे और वात न बढ़े। शिविर में डॉ. इरफान खान ने मधुमेह से बचाव के उपाय बताएं।

नर्सिंग ऑफिसर मिथिलेश शर्मा ने हैंड हाइजीन के बारे में जानकारी साझा की। शिविर में 112 रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क आयुर्वेद औषधियां का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक अजय शर्मा, वंदना शर्मा, संगीता सरिया, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अब्दुल मुनाफ दवासाज का विशेष सहयोग रहा।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर संगठनों ने पुष्पांजलि अर्पित की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर कांग्रेस कमेटी और अजाक्स संगठन सहित विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने टावर चौक स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, पुष्पांजलि अर्पित की।

फ्रीगंज टावर चौक स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर सुबह से ही कांग्रेस, भाजपा और अजाक्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य पहुंचने लगे थे। प्रतिमा स्थल को फूलों से सजाया गया था। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल चढ़कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि, हम सभी गौरवान्वित हैं कि बाबा साहेब ने भारतवासियों को एक ऐसा संविधान दिया जो सभी को मौलिक अधिकार प्रदान करता है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, देवव्रत यादव, कृष्णा यादव सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वार्ड क्र. 41 के रहवासियों की शिकायत के निराकरण हेतु वैकुण्ठ धाम कॉलोनी पहुंचे महापौर

## निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत मक्सी रोड स्थित बैकुंठ धाम कॉलोनी के रहवासियों द्वारा शनिवार को महापौर टटवाल के समक्ष क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, पेयजल सप्लाई, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि निगम से व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी गई जिसके क्रम में महापौर द्वारा वार्ड में निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत बैकुंठ धाम कॉलोनी में क्षेत्र के रहवासियों की समस्या के समाधान हेतु पहुंचे जहां रहवासियों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल नहीं है साथ ही उद्यान का भी समुचित रूप से विकास नहीं है इसी के साथ-साथ पेयजल सप्लाई को लेकर भी काफी समस्या है कई घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है इसलिए नवीन पेयजल लाइन डालने की आवश्यकता है महापौर द्वारा समस्या को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारियों को भेजा जाए साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल बनाते हुए पीएचई विभाग द्वारा नवीन लाइन डालने का एस्टीमेट बनवाएं इसी के साथ-साथ कई लोगों द्वारा अपने घरों के बाहर तक नालियों पर अतिक्रमण किया है इसके कारण सफाई नहीं हो पाती है ऐसे अतिक्रमण को तत्काल हटाएं जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय उपस्थित रहे।

# मेला अधिकारी श्री सिंह और कलेक्टर ने सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शनिवार को मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा निर्माणरत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में पीएसओ गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, सीईओ यूडीए संदीप सोनी, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वीर भारत संग्रहालय के निर्माण के अंतर्गत कोठी महल के बाहर भी रेनोवेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नृसिंह घाट के रिनोवेशन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, वहां से पुराने पत्थर हटाए जा चुके हैं। यूनिटी मॉल की भौतिक प्रगति 58 प्रतिशत हो चुकी है।

बैठक में नगर निगम के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि रीगल टॉकीज के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हो चुका है। लिगसी वेस्ट का कार्य अभी प्रगतिरत है। बैठक में खजूर वाली मस्जिद से गाड़ी अड्डा तक चौड़ीकरण का कार्य, नानाखेड़ा से शांति पैलेस होटल मार्ग निर्माण और नदी और सप्तसागर की सफाई करवाई जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। शिप्रा नदी के किनारे प्लांटेशन के कार्य की भी समीक्षा की गई।

# होमगार्ड कमांडेंट को मिला अदम्य साहस वीरता पुरस्कार

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 51,000 रु. का चेक किया प्रदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ संतोष कुमार जाट को शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अदम्य साहस पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार उनके द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए उनके श्रेष्ठ कार्यों और उज्जैन में शिप्रा नदी, मुख्य रूप से रामघाट पर इस वर्ष 215 श्रद्धालुओं की जान बचाने जैसे उल्लेखनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया।

प्रदेश की राजधानी भोपाल में होमगार्ड के भव्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मोहन यादव जी ने संतोष कुमार जाट को 51,000 रु. की राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर राज्य शासन की मंत्री कृष्णा गौर, पुलिस महानिदेशक कैलाश चंद्र मकवाना, होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन विभाग की महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, भोपाल के पुलिस कमिश्नर तथा राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी,जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

ज्ञात हो कि इस वर्ष भगवान महाकाल की श्रावण मास में निकलने वाली सवारी और वर्षा ऋतु के दौरान रामघाट पर यहां तैनात होमगार्ड एवं एसडीआरएफ टीम की सजगता के कारण कोई हादसा नहीं हुआ था, और सभी पर्व त्यौहार आपदा मुक्त संपन्न हुए थे।

इस वर्ष जिला उज्जैन की होमगार्ड टीम के द्वारा रामघाट वह अन्य प्रमुख घाटों पर 215 लोगों की प्राण रक्षा की थी।

उज्जैन धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल का दर्शन करने आते हैं। रामघाट पर शिप्रा नदी में स्नान करने का अपना धार्मिक महत्व है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने हेतु होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम ने विशेष प्रयास किया और किसी भी प्रकार की जनहानि को न्यूनतम किया। मुख्यमंत्री द्वारा अदम्य साहस पुरस्कार दिए जाने के कारण उज्जैन के होमगार्ड सैनिकों में विशेष उत्साह और हर्ष का माहौल है।

# द्वितीय अनूपूरक बजट में विभिन्न वर्गों का होगा कल्याण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को विकसित मध्य प्रदेश बनाकर साकार करेंगे। हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। विकसित भारत बनाना केवल एक मिशन नहीं हमारा धर्म भी है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र के समापन अवसर पर सदन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विधानसभा प्रजातंत्र का मंदिर है। द्वितीय अनुपूरक के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 13,476.94 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4000 करोड़, उपार्जन संस्थाओं को ऋण देने के लिए 2000 करोड़, लाडली बहना योजना के लिए 1794 करोड़, पंचायत विभाग के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के दिए 1,633 करोड़ और उद्योग ,कृषि और अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए सदन ने राशि स्वीकृत की है।

# मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकरजी के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन कमजोर तथा वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रयास हम सबको सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी 1- हेमन्त गुप्ता पिता श्री सीताराम गुप्ता 2 श्रीमती विनयलक्ष्मी गुप्ता पति श्री हेमन्त गुप्ता नि.गण 53, संत नगर सांवेर रोड उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का मकान नगरपालिक निगम क्रमांक 47. स्थित अमरसिंह मार्ग की गली फीगंज उज्जैन जिसका कुल एरिया 74-90 वर्ग मीटर होकर जो तल लगायत द्वितीय मंजिला बना हुआ है, जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व में भवन श्री राजेन्द्र शर्मा । पश्चिम मे गली सरकारी। उत्तर में भवन श्री बग्गा जी का । दक्षिण में :- भूखण्ड अन्य का । तथा पेमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 12-20 मीटर तथा चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 6-14 मीटर है, को मय तला जमीन हवाई हक्क सहित को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय मूल्य की राशि दे दी है तथा अब भवनस्वामी से विक्रय-पत्र का संपादन एंव पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्त्व, हित, क्लेम हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7. दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवनस्वामी से विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जायगी, सो सूचित हो। इति दिनांक 04/12/2025 ई. उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुग्गड़ अभिभाषक बी-2 भरतपूरी काम्पलेक्स ओल्ड उप पंजीयक कार्या. उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. 98270-15921 62603-16839**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री देवीसिंह पिता नगजी उर्फ नागूसिंहजी, निवासी-ग्राम रलायती तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-146 (S) रकबा 0.5700 हेक्टर एवं 147 (S) रकबा 0.8600 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.4300 हेक्टर ग्राम रलायती प. ह. नं.-109 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सर्वे नंबर-146 (S) रकबा 0.5700 हेक्टर मेसे दक्षिण दिशा की रकबा 0.1500 हेक्टर एवं 147 (S) रकबा 0.8600 हेक्टर मेसे दक्षिण दिशा की रकबा 0.1500 हेक्टर कुल कित्ता 02 कुल रकबा 1.4300 हेक्टर मेसे रकबा 0.3000 हेक्टर ग्राम रलायती प. ह. नं.-109 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है. शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक 06.12.2025

**राजकुमार प्रजापत, एडवोकेट कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. -94259-46659**

# स्ट्रीट डॉग ने 6 साल की बालिका को किया लहूलुहान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्ट्रीट डॉग के अचानक होने वाले हमलों में कमी नहीं आ रही है। अब 6 साल की बालिका को स्ट्रीट डॉग के हमले में लहूलुहान होने के बाद उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। बालिका का चेहरा बुरी तरह से जख्मी था। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

चरक अस्पताल में ग्राम पंथपिपलाई की रहने वाली शिवानी पिता धर्मेन्द्र अग्रवाल 6 साल का उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर आसपास रहने वाले बच्चों के साथ खेल रही थी, उसी दौरान कुत्ते ने आकर हमला कर दिया। कुत्ते ने शिवानी का बुरी तरह नोंच और खून से लथपथ कर दिया। उसकी चिख सुनकर परिजन पहुंचे और बचाया, परिजनों का कहना था कि अगर थोड़ी देर ओर हो जाती तो शिवानी को बचा पाना मुश्किल हो जाता। शिवानी को खून से लथपथ देख आसपास खेल रहे बच्चे भी दहशत में आ गये थे। डॉक्टरों ने बताया कि बालिका का चेहरा, कान और सिर पर स्ट्रीट डॉग ने नोंचा है। चेहरे पर टांके भी लगाये गये है। बालिका का रेबिज वैक्सीन का डोज दिया गया है। फिलहाल भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। 1-2 दिन बाद छुट्टी दी जायेगी। स्ट्रीट डॉग के हमले का शिकार 4 दिन पहले 12 साल की बालिका उमेसलमा पिता शब्बीर हुसैन हुई थी। बालिका कक्षा 6 वीं की छात्रा है और कार्मल कांवेंट में अध्ययन करती है। सुबह वह स्कूल जाने के लिये बस स्टॉप आ रही थी, तभी स्ट्रीट डॉग ने हमला किया था।



### प्रतिदिन 15 से 20 लोगों हो रहे शिकार

स्ट्रीट डॉग के हमले का शिकार प्रतिदिन 15 से 20 लोग हो रहे है। जिसमें बच्चे भी शामिल है। शहर के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों से भी स्ट्रीट डॉग बाइट के मामले सामने आने लगे है। शहर के हर मार्ग, गली में इनकी मौजूदगी बनी हुई है।

पैदल चलने वालों पर हमला तो करते ही है दो पहिया वाहन चालकों के पीछे भी तेजगति से दौड़ते हुए लपकते है। स्ट्रीट डॉग का शिकार होने के साथ इनकी वजह से दुर्घटना भी हो रही है। पहले भी कई गंभी मामले सामने आ चुके है। जिसमें एक युवक और बोहरा समाज की बालिका की जान जा चुकी है। बावजूद इनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये कोई आगे नहीं आ पा रहा है।

### सालभर में डेढ हजार से अधिक मामले

स्ट्रीट डॉग के काटने के मामले सालभर में डेढ़ हजार से अधिक पहुंच चुके है। यह आंकड़ा शासकीय चरक अस्पताल का है। जहां सालभर में इतने लोगों को वैक्सीन का डोज लगाया जा चुका है। एक व्यक्ति को वैक्सीन के 3 से 4 डोज लगाये जाते है। इस मान से चरक अस्पताल अब तक 6 हजार लोगों को रेबिज वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा चुकी है। निजी अस्पतालों के आंकड़े अलग है। जहां स्ट्रीट डॉग का शिकार होने वाले अपने खर्च पर उपचार और वैक्सीन का डोज लगवाने पहुंच रहे है।

## खास न्यूज

### ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** 24 नवम्बर को विक्रमनगर के पास गांधीनगर में रहने वाले विकास पिता गजेन्द्रसिंह चौहान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। परिजनों के बयान और जांच के बाद सामने आया कि विकास की शादी देवास में रहने वाली खुशबू के साथ वर्ष 2019 में हुई थी। विकास ड्रायवरी करता था। शादी के 6 माह बाद पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। पत्नी खुशबू मायके में रहकर अपने माता-पिता और भाई के साथ मिलकर विकास का प्रताड़ित करने लगी थी। जिसके चलते वह तनाव में रहने लगा था। जिसके चलते उसने फांसी लगाई है। जांच और तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में ससुराल पक्ष के तीनों लोगों के साथ पत्नी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 3 (5) में मामला दर्ज कर लिया।

### नकली पैर वाले आरोपी की पुलिस को तलाश

**उज्जैन।** नागदा में सालभर पहले हुई चाकूबाजी और मारपीट के मामले में फरार नकली पैरों वाले आरोपी मदनसिंह पिता परवरिश उर्फ पर्वतसिंह की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। एसआई योगिता उपाध्याय ने बताया कि आरोपी महाकाल मार्ग उज्जैन का रहने वाला है। जिसके दोनों पैर नकली लगे है। आरोपी मूंगफली बेचने का काम करता है। जानकारी मिली है कि वह स्टेशन के आसपास दिखाई देता है। फरार आरोपी की जानकारी किसी को भी मिले तो नागदा थाना पुलिस को सूचना दे सकता है। उसका नाम पता गोपनीय रखा जायेगा।

### सड़क किनारे खड़े युवक को कार ने कुचला

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तुमडावदा में रहने वाला कमल पिता रामलाल प्रजापत 26 साल शुक्रवार देर शाम को परिचित के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम चकरावदा गया था। जहां से रात को अपने गांव लौटने के लिये सड़क किनारे खड़ा होकर गाड़ी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान तेजगति में आई कार ने उसे कुचल दिया। कमल गंभीर घायल हो गया, उसे ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस के माध्यम से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू की है।

### घूरकर देखने की बात पर 2 युवकों को मारे चाकू

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के शर्मा परिसर स्थित पार्किंग में अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी बापूनगर में रहने वाले अनंत पिता मनीष शुक्ला 20 साल और यश पिता महेन्द्र खींची 17 साल का घूरकर देखने की बात पर अभिषेक और इंद्रेश से विवाद हो गया।

कहासुनी इतनी बढ़ी कि अभिषेक और इंद्रेश ने अनंत और यश पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों को बचाने दोस्त जयेश पिता रंजीत बांगरिया आया तो दोनों हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। तीनों के घायल होने पर माधवनगर पुलिस ने बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले अभिषेक और इंद्रेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चाकू मारने वाले मंछामन कालोनी और ज्ञान टेकरी के रहने वाले है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** बिलोटीपुरा में रहने वाले ओनअली पिता शब्बीर हुसैन 42 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार देर शाम मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लेकर आई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही जहरीला पदार्थ खाने का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

### होटल सुपरवाइजर को आटो चालक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** होटल विक्रमादित्य में सुपरवाइजर का काम करने वाला छोटूसिंह पिता नारायणसिंह राजपूत निवासी महावीर कालोनी बीती रात बाइक से घर जाने के लिये निकला था। उसी दौरान इंदौररोड पर तेजगति से आ रहे आटो ने उसे टक्कर मार दी। छोटूसिंह घायल हो गया। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने उसे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया और आटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 560-1 | 250-7 |
| मिलन डे | 479-0 | 267-5 |
| मिलन नाइट | 468-8 | 189-8 |
| मधुर डे | 455-4 | 300-3 |
| मधुर नाइट | 240-6 | 679-2 |
| शुभांक | 1 3 | 6 |

## जावरा की फैक्ट्री में गैस लीकेज इंडस्ट्रीज एरिया में मची अफरा तफरी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन/रतलाम

जिले से करीब 30 किलोमीटर दूर जावरा रतलाम नाका स्थित औद्योगिक क्षेत्र में फेरिक सल्फेट बनाने वाली फैक्ट्री में शाम को गैस लीकेज हो गई। जिससे क्षेत्र में अफरा - तफरी का माहौल बन गया। प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गया है। कई मजदूरों को सांस लेने की तकलीफ के चलते हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। एम्बुलेंस की कई गाड़िया भी फेक्ट्री पर पहुंच गई है।

बताया जा रहा है कि पुराना गैस सिलेंडर लीकेज होने के चलते यह हादसा हुआ है। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। मजदूर इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। इंडस्ट्रीज एरिया की आसपास की सभी करीब10 फैक्ट्रियों के मजदूरों की सुरक्षा की दृष्टि से छुट्टी कर दी गई है। यह फैक्ट्री किसी सईंद खान निवासी जावरा की बताई जा रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों का तो कहना है कि जिस फैक्ट्री में यह हादसा हुआ है वहां कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं है।

खबर लिखे जाने तक पांच लोगो के प्रभावित होने की सुचना है। जिन्हे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, कलेक्टर मिशा सिंह, एसपी अमित कुमार सहित प्रशासन के आला अधिकारी, पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचे है। रेडक्रॉस व सिविल अस्पताल की एंबुलेंस भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। कर्मचारियों को सांस लेने में तकलीफ के चलते नर्सिंग होम व सिविल अस्पताल में उपचार जारी है।

## गुजरात पासिंग गाडियां चैक की तब मिले वृद्ध के परिजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



महाकाल दर्शन करने आये 85 साल बुजुर्ग परिजनों से बिछड़ गये। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो 8 घंटे तक परिजनों की तलाश की जाती रही। पता चला कि बुजुर्ग गुजरात पासिंग टैक्स से उज्जैन आये थे। पुलिस ने पार्किंग में गुजरात पासिंग गाड़ियों की जांच शुरू की, शाम 7.30 बजे परिजन मिल गये।

गुजरात के बडोदारा से हीरालाल पिता सोमा भाई प्रजापति 85 साल परिजनों के साथ शनिवार सुबह गुजरात पासिंग टैक्सी में सवार होकर महाकाल दर्शन के लिये पहुंचे थे। मंदिर परिसर में भीड़ के बीच हीरालाल परिवार से बिछड़ गये। उन्हे अकेला बदहवास देख कुछ लोगों ने 11 बजे मंदिर पुलिस चौकी पर छोड़ दिया। चौकी पुलिस ने अलाउंसमेंट कराया लेकिन परिजनों का पता नहीं चल पाया। मामला की जानकारी महाकाल थाना पुलिस को दी गई। सहायक उपनिरीक्षक चंद्रभानसिंह चौहान टीम के साथ पहुंचे और बुजुर्ग हीरालाल प्रजापत को थाने लाया गया।

पूछताछ करने पर वह परिवार के मोबाइल नम्बर और जानकारी नहीं दे पा रहे थे। हमेशा की तरह सहायक उपनिरीक्षक ने बुजुर्ग के परिजनों की तलाश अपने स्तर पर शुरू की और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल किया, कंट्रोलरूम के साथ सभी थाना पुलिस को सूचना दी। वहीं बुजुर्ग से पूछताछ में सामने आया कि वह गुजरात से किराये की टैक्सी में परिवार के साथ आये थे। जानकारी सामने आने पर मंदिर के आसपास पार्किंग में गुजरात पासिंग गाड़ियों की जांच शुरू की। शाम 7.30 बजे परिजनों को खोज निकाला गया। वह भी हीरालाल प्रजापति की तलाश कर रहे थे, लेकिन पुलिस के पास तक नहीं पहुंचे थे। परिवार ने उनके मिलने पर पुलिस का आभार माना। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने एक बार फिर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह अपने साथ आने वाले बुजुर्ग, बच्चों की जेब में मोबाइल नम्बर की पर्ची या ऐसा कोई पहचान का दस्तावेज रखे ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में शीघ्र मदद की जा सके।

## रेलवे ने नकली टिकट के खिलाफ मुहिम तेज की

# नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य रेल और पश्चिम रेलवे ने मिलकर नकली टिकट के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सख्ती बढ़ाई है। यह हाल के दिनों में नकली/जाली/नकली टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए किया गया है।

मध्य रेल और पश्चिम रेलवे के उपनगरीय नेटवर्क में टिकट चेकिंग की गतिविधियां तेज की जाएंगी। स्टेशनों और ट्रेनों में अनियमित यात्रा और नकली टिकटों पर यात्रा करने वालों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए स्पेशल टिकट चेकिंग टीमें तैनात की जाएंगी। चेकिंग के तहत, यात्रियों को एक वैलिड पहचान पत्र साथ रखना होगा और उसे टिकट परीक्षक को दिखाना होगा। पहचान पत्र सीजन टिकट पर दी गई जानकारी से मेल खाना चाहिए।

रेलवे नकली टिकट बनाने या इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपना रहा है। यात्रियों को नकली यात्रा टिकट पाने या बनाने के लिए कोई भी धोखाधड़ी वाला तरीका अपनाने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी जाती है। भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 के अलग-अलग सेक्शन के तहत नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, जिसमें 318(2), 336(3), 336(4), 340(1), 340(2), और 3/5 शामिल हैं, जो धोखाधड़ी और जालसाजी और उससे जुड़े अपराधों से जुड़े हैं। सजा में जुमार्ना और 7 साल तक की जेल, या दोनों हो सकते हैं।

मध्य रेल और पश्चिम रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे ऑथराइज्ड वेंडर से जारी वैलिड टिकट या रेलवे स्टेशन बुकिंग काउंटर से या ATVM से ही टिकट लेकर यात्रा करें। यात्री अपने मोबाइल फोन पर UTS ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं और मोबाइल UTS ऐप से टिकट बुक कर सकते हैं।

## ठंड बढ़ने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और यात्रियों को ठहरने के लिए रैन बसेरों की क्या होगी व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ठंड बडने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और यात्रियों को सुरक्षित रैन बसेरों में रात गुजारने की व्यवस्था के लिए कार्रवाई होना जरूरी हो रहा है। कारण रेलवे और बस स्टैंड क्षेत्र में यात्री कई बार गतव्य तक जाने के लिए स्टेशन पर ही इंतजार करते हैं। रात में रेलवे और बस स्टैंड पर रुकने वाले यात्रियों के लिए ठंड में अलाव कही हद तक राहत भरा रहता है। पूर्व सालो मे निगम बडती ठंड के कारण सार्वजनिक स्थलों पर अलाव व्यवस्था करती रही है। बताया गया इस बार अलावा सुविधा फिलहाल दिखाई नही दे रही है। यात्री खुले मे रात गुजारते देखे जा सकते है। वही रैन बसेरों की जानकारी नहीं होने से कई यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर ही ठंड में ठिठुरन को मजबूर बने रहते हैं।



लिहाजा रेलवे स्टेशन बस स्टैंड अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर यात्री एवं अन्य आमजन के लिए बढ़ती ठंड की स्थिति में सुरक्षित साधनो से अलाव जलाने की व्यवस्था कराई जाने और रैन बसेरों की जानकारी भी सार्वजनिक स्थलों पर सूचना पटल के माध्यम से जानकारी लगाए जाने की जरूरत कही जा रहा है। प्रशासन की और से व्यवसाय कराए जाने की संभावनाएं भी कही गई है।

### ठंड बडने से जलेबी दुध गराडु गजक की मांग बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मौसम मे ठंडक बडने लगी और आम जनों को गर्माहट पहुंचाने के लिए अनेक वैरायटी में गजक मिठाई के बाजार सजने लगे हैं। सैकड़ों हलवाई गजक तैयार कर रहे है। गुलाबी ठंड में आमजन को गर्माहट पहुंचाने के लिए केसरिया दूध के कढाव भी सजने लगे दैनिक अवन्तिका प्रतिनिधि सचिन नागर को बताया की अवन्तिका उज्जैन में दुध जलेबी की बरसो से पहचान महत्व है।


### पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन नं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09001 | मुंबई सेंट्रल-भिवानी (बी-वीकली सुपरफास्ट) | 09.12.2025 से 30.12.2025 | 10:30 बजे (मंगलवार, शुक्रवार) | 13:00 बजे (अगले दिन) |
| 09002 | भिवानी - मुंबई सेंट्रल (बी-वीकली सुपरफास्ट) | 10.12.2025 से 31.12.2025 तक | 14:35 बजे (बुधवार, शनिवार) | 16:30 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजाईनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, कोसली एंड चरखी दादरी स्टेशंस इन बोथ डायरेक्शन्स. | | | | |
| संरचना : एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच | | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल-शकूर बस्ती (सुपरफास्ट) | 07.12.2025 & 08.12.2025 | 10:30 बजे (रविवार और सोमवार) | 08:00 बजे (अगले दिन) |
| 09004 | शकूर बस्ती मुंबई सेंट्रल (सुपरफास्ट) | 08.12.2025 & 09.12.2025 | 10:15 बजे (सोमवार और मंगलवार) | 10:30 बजे (अगले दिन) |
| हाल्टः दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, कोसी कलां और दिल्ली सफदरजंग स्टेशन। | | | | |
| संरचनाः एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच | | | | |
| 09730 | बांद्रा टर्मिनस-दुगार्पुरा (सुपरफास्ट) | 08.12.2025 | 10:00 बजे (सोमवार) | 05:30 बजे (अगले दिन) |
| 09729 | दुगार्पुरा बांद्रा टर्मिनस (सुपरफास्ट) | 07.12.2025 | 12:25 बजे (रविवार) | 07:00 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर और बनस्थली | | | | |
| संरचना : प्रथम एसी, एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय | | | | |
| 04001 | मुंबई सेंट्रल नई दिल्ली (सुपरफास्ट) | 07.12.2025 | 23:30 बजे (रविवार) | 20:50 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः बोरीवली, सूरत, बडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा और मथुरा स्टेशन | | | | |
| संरचना : प्रथम एसी, एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय | | | | |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09001, 09003, 09730 और 04001 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ


### होमगार्ड राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के शिल्पकार और समाज की स्थिरता के प्रहरी : मुख्यमंत्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 63 वें होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने "निष्काम सेवा" अर्थात बिना किसी स्वार्थ और अपेक्षा के सत्यनिष्ठा से कर्तव्य करने का संदेश दिया है। इसी आदर्श पर चलते हुए होमगाड्र्स के जवान समर्पण, निष्ठा और सच्चाई के साथ निरंतर देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होमगार्ड में होम का अर्थ घर और गॉर्ड का अर्थ प्रहरी होता है। आप साढ़े आठ करोड़ मध्यप्रदेशवासियों के प्रहरी हैं। होमगाड्र्स हर विपदा में सच्चे संकट मोचन बनकर जनता के साथ खड़े होते हैं। प्राकृतिक आपदा हो, भीड़ प्रबंधन हो, यातायात व्यवस्था हो या किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करना हो–आप सदैव पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डटे रहते हैं और समाज के सच्चे हीरो बनते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होमगार्ड के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के बाद जब देश नागरिक सुरक्षा का ढांचा गढ़ रहा था, तब होमगार्ड ने भरोसे और सेवा के रूप में देश को सुरक्षा कवच दिया। चाहे बाढ़ का पानी हो, आग की लपटें हों, बड़ी दुर्घटना हो सबसे पहले जनता को आपका ही खयाल आता है।


### जाहीर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रोड सिंह पिता श्री निर्भय सिंह निवासी व कृषक ग्राम तनोडीया तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 4043/1/1 रकबा 0.56 हेक्टर में से विक्रित रकबा 0.46 हेक्टर, सर्वे नम्बर 4044/1 रकबा 0.20 हेक्टर में से विक्रित रकबा 0.14 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.60 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम तनोडीया तहसील आगर जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 07-12-2025

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर) तह कार्यालय ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**

# बाल विवाह में कमी के बावजूद




यूनिसेफ की एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि 25 साल पहले की तुलना में आज दक्षिण एशिया में बाल विवाहों की संख्या आधी हो गई है। बेशक, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों की जमीनी कोशिशों के साथ-साथ सांसदों, विशेष रूप से महिला राजनेताओं ने इस मोर्चे पर अच्छे काम किए हैं। समाज में बहुत जरूरी बदलाव हुए हैं। इस तरह के लाभ के बावजूद देश के कई हिस्सों में बाल विवाह की कुप्रथा जारी है, जिससे बच्चों का जीवन और भविष्य खतरे में है। अभी हाल ही में दो लड़कियों की दर्दनाक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। यह दावा किया जा रहा था कि सिंध में एक व्यक्तिगत विवाद को निपटाने के लिए लड़कियों का आदान-प्रदान किया गया था। कम उम्र की हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म-परिवर्तन की घटनाएं भी सामने आई हैं, जो बाल विवाह निरोधक कानून का भी पूर्ण उल्लंघन है। सिंध प्रांत को श्रेय देना चाहिए, जिसने विवाह की आयु को सफलतापूर्वक बढ़ाकर 18 कर दिया है, जबकि अन्य प्रांत किसी न किसी बहाने देरी करते रहे हैं। पंजाब प्रांत ने मौजूदा औपनिवेशिक युग के कानून में संशोधन की पेशकश की है, लेकिन अभी भी लड़कियों की शादी की उम्र 16 से बढ़ाकर 18 नहीं की गई है। धार्मिक समूहों और रूढ़िवादी राजनेताओं के कारण किसी भी मुद्दे पर कानून बनाना आसान नहीं होता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि पाकिस्तान बाल अधिकार घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर चुका है, जिसके अनुसार, 18 वर्ष से कम उम्र वालों का वर्गीकरण बच्चे के रूप में ही किया जाएगा। बाल विवाह एक गहरी हानिकारक प्रथा है, जो लड़कियों पर बहुत दुष्प्रभाव डालती है। बाल विवाह एक तरह से दासता मंजूर करने जैसा है।



सम्पादकीय

## शिखर पर मित्रता

भारत और रूस के बीच हुई शिखर वार्ता ऐतिहासिक है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ऐसे समय में भारत यात्रा पर आए हैं, जब पूरी दुनिया में तनाव-दबाव की स्थिति है। स्वयं रूस अनेक देशों के निशाने पर है, यूक्रेन से चल रहा उसका युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ध्यान रहे, पुतिन बहुत आवश्यक होने पर ही विदेश यात्रा करते हैं और उनकी यह यात्रा न केवल दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाएगी, दुनिया को यह संदेश भी देगी कि भारत और रूस हर हाल में साथ खड़े हैं। दोनों देशों की मित्रता तात्कालिक नहीं, स्थायी है। संबंधों की नींव में दशकों की मेहनत और ईमानदारी शामिल है। शिखर वार्ता के बाद दोनों देशों के नेताओं की प्रेस वार्ता भी खास रही है, जिसमें खुद पुतिन ने कहा है कि उनके देश और भारत के बीच गहरे आर्थिक संबंध पूरी तरह स्वाभाविक हैं। स्पष्ट संकेत है, दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ने वाला है। वार्ता का एक बड़ा फलित यह भी है कि दोनों देशों ने साल 2030 तक के लिए अपना आर्थिक कार्यक्रम तय कर लिया है। जहां दोनों देशों के बीच मित्रता की सहजता या स्वाभाविकता फिर स्पष्ट हुई है, वहीं दोनों देशों ने दुनिया को यह भी संदेश दिया है कि उनके परस्पर संबंध स्वतंत्र हैं। उनके निशाने पर कोई देश नहीं है। यह संदेश विशेष रूप से उन देशों तक पहुंचना चाहिए, जिनकी भारत संबंधी नीतियों में प्रतिकूलता का भाव है। कुछ देश तो भारत पर विशेष रूप से दबाव बनाते हैं कि रूस के साथ अपने संबंधों पर भारत लगाम लगाए। ऐसे में, नई दिल्ली की शिखर वार्ता ने साफ कर दिया है कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र रहेगी। भारत अपने हित में आर्थिक और कूटनीतिक फैसले लेता रहेगा। मतलब, भारत का रूस से तेल खरीदना जारी रहेगा। स्वयं रूसी राष्ट्रपति ने सवाल उठाया है कि यदि अमेरिका को रूसी ईंधन खरीदने का अधिकार है, तो भारत को ऐसी सुविधा क्यों नहीं मिलनी चाहिए? यह तर्क प्रशंसनीय है। दरअसल, कुछ देश भारत के साथ अपने रवैये को पूरी तरह नहीं बदल पा रहे हैं। दूसरी तरफ, भारत के बदलाव को महसूस करते हुए ही पुतिन ने कहा है कि यह 77 साल पुराना भारत नहीं है। पुतिन के ये शब्द उन नेताओं और देशों तक जरूर पहुंचने चाहिए, जो भारत संबंधी अपनी नीतियों को बदलना नहीं चाहते। अंततः भारत को यह तो देखना ही होगा कि उसके साथ कौन लगातार खड़ा है। दुनिया के कुछ नेता भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बता चुके हैं, जबकि पुतिन ने भारत की धरती से फिर दोहराया है कि रूसी उद्यम भी मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत विनिर्माण में भाग लेंगे।

### नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करने की योजनाएं बनाना जरूरी

## आओ नारी शक्ति को भारत की सफलता की गाथा बनाएं

वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं।


किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फरवरी 2026 को आने वाले बजट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेजी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार जवाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है।

हम 1 फरवरी 2026 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की जरूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए

अगर हम माननीय पीएम नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रीयों व विशेषज्ञों से बातचीत की करें तो उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, उन्होंने आज नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत की।विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं , अपने बलबूते पर मंजिल हांसिल करने माद्दा रखे।

साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि उसके विकास में पुरुष तथा स्त्रियों का समान प्रयास हुआ करता था। लेकिन जैसे-जैसे स्त्रियों के विकास का अनुपात कम होता गया वैसे वैसे भारत का गौरव भी धूमिल पड़ता गया।भारतीय महिलाओं का इतिहास में योगदान अप्रतिम रहा है। सिर्फ स्वाधीनता संग्राम के समय को देखा जाए तो भारतीय महिलाओं का योगदान अगणनीय ही प्राप्त होगा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई, विजयालक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, कमला नेहरु, सुचेता कृपलानी, मणीबेन पटेल अमृत कौर जैसी स्त्रियों ने आगे आकर अपना अप्रतिम योगदान दिया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय कौशल नारी सबपर भारी। आओ नारीशक्ति को भारत की सफलता की गाथा बताएं।

## नौ संकल्प

मेरे प्रिय देशवासियों करता हूँ करबद्ध
आपसे अपील,
मेरे संग आप भी नौ संकल्प लो ये है गहन
चिंतनशील,
पहला संकल्प हमें करना है जल का उचित
संरक्षण,
जल की एक बूँद नहीं हो बर्बाद कीमती हर
जल कण ।
दूसरा संकल्प अपने जीवन काल में हम
वृक्ष लगाएं,
जलवायु को शुद्ध स्वच्छ हरी-भरी
स्वास्थवर्धक बनाएं,
तीसरा संकल्प कम से कम एक गरीब को
दे जीवन,
शुभ मानवता के संस्कारों से सजाएं अपना
तन मन ।
चौथा संकल्प देश की अर्थव्यवस्था को करें
हम उन्नत,
स्वदेशी अपनाएं वोकल फॉर लोकल आगे
बढ़े भारत,
पांचवा संकल्प नेचुरल फॉर्मिंग को हम दे
प्रोत्साहन,
उपजे अन्न गुणकारी धरती से हर फसल हो
मनभावन ।
छटा संकल्प हो स्वस्थ जीवन शैली और
शुद्ध विचार,
पर्याप्त हो नींद, तनावरहित जीवन व
संतुलित आहार,
सातवां संकल्प नियमित योग व्यायाम को
हम अपनाएं,
भविष्य के निमार्ताओं और स्वयं को सशक्त
हम बनाएं ।
आठवां संकल्प प्राचीन पांडुलिपियों का हो
संरक्षण,
हमारी अनमोल सांस्कृतिक विरासत भविष्य
मार्गदर्शन,
नवां आखिरी अंति महत्वपूर्ण संकल्प तुमसे
है वंदन,
भारत के कम से कम 25 तीर्थ स्थलों का
करो दर्शन ।
प्यारे देशवासियों तुमने मेरा हर पल खूब साथ
दिया,
मातृभूमि का सेवक मोदी कहता हूँ जोश
तुमने दिया,
हर देशप्रेमी अपना कर्तव्य निभाएं आनंद पूरे
मनसे,
ये इतनी सी अरदास भी तुमसे और आस
भी है तुमसे ।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 दिसंबर 2025 रविवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 17:38
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:80 तक
तिथि - तृतीया 18:25 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - पुर्नवशु 04:12 उपरांत पुष्य
योग - शुक्ल 20:07 उपरांत ब्रह्म
करण - वणिज
चन्द्रमा - मिथुन में है। 22:38 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 15 तारिख

**मेष-** सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

**मिथुन-** कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कर्क-** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है।

**कन्या-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**तुला-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु-** निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**मकर-** जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मीन-** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## सदन की गरिमा बनाए रखना जनप्रतिनिधियों का प्रमुख कर्तव्य

लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि संसद और विधानसभाओं के जिम्मेदार सदस्य होते हैं। उनका प्रमुख कर्तव्य है कि वे सदन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखें और जनहित में कानून बनाकर उनका समान रूप से पालन करवाएँ। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और सुशोभित लोकतंत्र है, जहाँ विपक्ष को भी सरकार के कार्यों का खुलकर विरोध करने का


अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

अधिकार प्राप्त है । सरकार जब जनहित के मुद्दों से भटकती है, तो उसका विरोध करना विपक्ष का धर्म है, और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का सहयोग करना विपक्ष का कर्तव्य। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष सदन में भले कटु वाद-विवाद करें, लेकिन बाहर एक-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हैं। विश्व में बहुत कम देश ऐसे हैं जहाँ विपक्ष को भारत जैसा पूर्ण अधिकार प्राप्त हो कि वह सरकार की नीतियों का खुला विरोध कर सके। हमारे यहाँ विपक्ष की भूमिका सदैव से महत्वपूर्ण रही है क्योंकि मजबूत विपक्ष के बिना सरकार निरंकुश और बेलगाम हो सकती है। इसलिए केंद्र, राज्य या पंचायत – किसी भी स्तर पर सत्ता पक्ष के साथ दमदार विपक्ष आवश्यक है।

पिछले दो दशकों में विपक्ष की भूमिका पर सवाल पिछले बीस वर्षों में भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को लेकर प्रश्न उठने लगे हैं। विपक्ष का काम जनहित में सरकार के गलत निर्णयों का विरोध करना और सही नीतियों को लागू करवाना है, लेकिन हाल के वर्षों में यह देखने में आता है कि विपक्ष कई बार जनहित के मुद्दों से हटकर अपनी चुनावी हार की खीज में सदन में विरोध को प्राथमिकता देता है। आज की जागरूक जनता – चाहे वह ग्रामीण, अशिक्षित या अल्पशिक्षित ही क्यों न हो – सरकार और विपक्ष, दोनों की कार्यशैली पर पैनी नजर रखती है। जनप्रतिनिधियों को यह याद रखना चाहिए कि जनता ने उन्हें अपने मत से सदन भेजा है और उनके सदन के अंदर और बाहर किए गए हर आचरण पर जनता की जौहरी निगाह लगी रहती है। देश की जनता ने समय-समय पर ताकतवर और रसूखदार नेताओं को भी नकारा है और आम आदमी को सिर आँखों पर बैठाया है। यही लोकतंत्र की शक्ति है।

सदन की कार्यवाही बाधित करना – गरिमा के विपरीत विपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दों पर सरकार का सार्थक विरोध आवश्यक है, परंतु सदन की कार्यवाही को बाधित करके उसे ठप कर देना लोकतांत्रिक मयार्दा के विपरीत है। इसके बाद भी जब केंद्र और राज्यों में सरकारें लगातार बड़े बहुमत के साथ दोबारा तिबारा सत्ता में लौटती हैं, तो यह जनता द्वारा उनके कामों की सराहना है। वहीं विपक्ष की लगातार पराजय उसकी गलत रणनीतियों का परिणाम है, जिसे उन्हे स्वीकार करना चाहिए – न कि ईवीएम या सरकारी मशीनरी पर दोष मढ़ना चाहिए। विपक्ष को आत्ममंथन की आवश्यकता आज के दौर में कमजोर होते विपक्ष पर राजनीतिक दलों को गंभीर आत्ममंथन करना होगा। विपक्ष को सरकार की गलतियों की आलोचना के साथ-साथ उसके अच्छे और राष्ट्रहित के कार्यों की भी खुले मन से प्रशंसा करनी चाहिए। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवहार है। साथ ही विपक्ष को जनता से यह वादा भी करना होगा कि अवसर मिलने पर वह और बेहतर तरीके से जनहित व राष्ट्रहित के कार्य करेगा।

## सर्दी में भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना सेहत भी हो जाएगी खराब

सर्दियों के मौसम में अपने खानपान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बढ़ते समय के साथ लोग अपनी हेल्थ को लेकर काफी अलर्ट होते जा रहे हैं। क्योंकि हर कोई अच्छी तरह जानता है कि सर्दियों में हमें कौन- कौन सी चीजों का सेवन करना चाहिए, आपको बता दें कि मौसमी फल, सब्जियां और सभी गर्म चीजों का सेवन सर्दी में करना चाहिए। लेकिन, क्या आप उन फूड्स के बारे में जानते हैं, जिसे सर्दी के मौसम में खाने से बचना चाहिए। क्योंकि मौसम के हिसाब से सही खानपान ही आपकी सेहत के लिए अच्छा होता है। आइए जानते है, कुछ ऐसी चीजों के बारे में जिसे सर्दियों में खाने से बचना चाहिए।



### फ्रीज से निकला खाना

सर्दी के मौसम में इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है। जिसकी वजह से कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इस मौसम में ज्यादातर लोग सर्दी-जुकाम की समस्या से परेशान रहते हैं। इसलिए इस मौसम में बचाव के लिए ठंडे तापमान वाली चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि उन्हें शरीर के तापमान तक लाने के लिए शरीर को दोगुनी मेहनत करनी पड़ती है। फ्रिज से निकालकर किसी भी चीज को तुरंत नहीं खाना चाहिए। इससे सर्दी, जुकाम, गले की खराश और दांतों में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### डेयरी प्रोडक्ट्स से बचें

डेयरी प्रोडक्ट्स सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं, लेकिन सर्दियों में इसका सेवन बड़ी ही सावधानी से करना चाहिए। इसलिए सर्दियों में डेयरी प्रोडक्ट के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि इससे कफ की समस्या हो सकती है। सर्दियों के दौरान दूध, शेक और स्मूदी जैसे ठंडे डेयरी उत्पादों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। सर्दी के मौसम में दोपहर के भोजन के बाद दही खाने से भी बचना चाहिए।

### 3. कच्चा सलाद

सलाद को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। सर्दियों में दोपहर के बाद सलाद और कच्ची सब्जियों के सेवन से बचना चाहिए। हालांकि सब्जियों में फाइबर, विटामिन्स और अन्य पोषण तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। लेकिन इस मौसम में कच्ची सब्जियों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

### 4. नॉनवेज खाने से बचें

सर्दियों के मौसम में नॉनवेज खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें पाचन के लिए शरीर को अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिससे आपकी शारीरिक शक्ति कम हो सकती है। इससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और वजन तेजी से बढ़ सकता है। इस मौसम में हल्के भोजन का सेवन करना चाहिए, खासतौर पर मौसमी फल और सब्जियों का।

धर्म-आस्था

## धर्मपत्नी : वाम अंगी क्यों है... ?

शास्त्रों में पत्नी को वामंगी कहा गया है, जिसका अर्थ होता है बाएं अंग का,अंग्रेजी में लेफ्ट साइड का अधिकारी, इसलिए पुरुष के शरीर का बायां हिस्सा स्त्री का माना जाता है।भगवान शिव के बाएं अंग से स्त्री की उत्पत्ति हुई है।पार्वती जी इसी कारण लेफ्ट साइड में रहती है।


दिनेश गंगराड़े
(दैनिक अवन्तिका)

जिसका प्रतीक है शिव का अर्धनारीश्वर शरीर।

हस्तरेखा विज्ञान की कुछ पुस्तकों में पुरुष के दाएं हाथ से पुरुष की और बाएं हाथ से स्त्री की स्थिति देखने की बात कही गयी है।? शास्त्रों में कहा गया है कि स्त्री पुरुष की वामांगी होती है इसलिए सोते समय और सभा में, सिंदूरदान, द्विरागमन, आशीर्वाद ग्रहण करते समय और भोजन के समय स्त्री पति के बायीं ओर रहना चाहिए। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है।? वामांगी होने के बावजूद भी कुछ कामों में स्त्री को दायीं ओर रहने के बात शास्त्र कहता है। शास्त्रों में बताया गया है कि कन्यादान, विवाह, यज्ञकर्म, जातकर्म, नामकरण और अन्न प्राशन के समय पत्नी को पति के दायीं ओर बैठना चाहिए। ? पत्नी के पति के दाएं या बाएं बैठने संबंधी इस मान्यता के पीछे तर्क यह है कि जो कर्म संसारिक होते हैं उसमें पत्नी पति के बायीं ओर बैठती है। क्योंकि यह कर्म स्त्री प्रधान कर्म माने जाते हैं।? यज्ञ, कन्यादान, विवाह यह सभी काम पारलौकिक माने जाते हैं और इन्हें पुरुष प्रधान माना गया है। इसलिए इन कर्मों में पत्नी के दायीं ओर बैठने के नियम हैं।? पत्नी ही पति के जीवन को पूरा करती है, उसे खुशहाली प्रदान करती है, परिवार का ख्याल रखती है, और उसे वह सभी सुख प्रदान करती है जिसके वह योग्य है।

पति-पत्नी का रिश्ता दुनिया भर में बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है।? पत्नी के राईट साइड में पति को रहना चाहिए। यह शुभ माना गया है। हिन्दू धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ महाभारत में भी पति-पत्नी के महत्वपूर्ण रिश्ते के बारे में काफी कुछ कहा गया है।? भीष्म पितामह ने कहा था कि पत्नी को सदैव प्रसन्न रखना चाहिये, क्योंकि, उसी से वंश की वृद्धि होती है, वह घर की लक्ष्मी है और यदि लक्ष्मी प्रसन्न होगी तभी घर में खुशियां आयेगी, इसके अलावा भी अनेक धार्मिक ग्रंथों में पत्नी के गुणों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है।गरूड पुराण, जिसे लोक प्रचलित भाषा में गृहस्थों के कल्याण की पुराण भी कहा गया है, उसमें उल्लिखित पत्नी के कुछ गुणों की संक्षिप्त व्याख्या ये है।

गरूड़ पुराण में पत्नी के जिन गुणों के बारे में बताया गया है, उसके अनुसार जिस व्यक्ति की पत्नी में ये गुण हों, उसे स्वयं को भाग्यशाली समझना चाहिये।पत्नी के सुख के मामले में देवराज इंद्र अति भाग्यशाली थे, इसलिये गरुण पुराण के तथ्य यही कहते हैं।

सा भार्या या गृहे दक्षा सा भार्या या प्रियंवदा।
सा भार्या या पतिप्राणा सा भार्या या पतिव्रता।।

गरुड़ पुराण में पत्नी के गुणों को समझने वाला एक श्लोक मिलता है, यानी जो पत्नी गृहकार्य में दक्ष है,जो प्रियवादिनी है, जिसके पति ही प्राण हैं और जो पतिपरायणा है, वास्तव में वही पत्नी है।गृह कार्य में दक्ष से तात्पर्य है वह पत्नी जो घर के काम काज संभालने वाली हो, घर के सदस्यों का आदर-सम्मान करती हो, बड़े से लेकर छोटों का भी ख्याल रखती हो।?जो पत्नी घर के सभी कार्य जैसे- भोजन बनाना, साफ-सफाई करना, घर को सजाना, कपड़े-बर्तन आदि साफ करना, यह कार्य करती हो वह एक गुणी पत्नी कहलाती है। बच्चों की जिम्मेदारी ठीक से निभाना, घर आये अतिथियों का मान-सम्मान करना, कम संसाधनों में भी गृहस्थी को अच्छे से चलाने वाली पत्नी गरुड़ पुराण के अनुसार गुणी कहलाती है, ऐसी पत्नी हमेशा ही अपने पति की प्रिय होती है। प्रियवादिनी से तात्पर्य है मीठा बोलने वाली पत्नी, सदैव संयमित भाषा में बात करने वाली, धीरे-धीरे व प्रेमपूर्वक बोलने वाली पत्नी ही गुणी पत्नी होती है। ऐसी स्त्री जिस घर में हो वहां कलह और दुर्भाग्य कभी नहीं आता। शादी के बाद नए लोगों से जुड़े रीति-रिवाज को स्वीकारना ही स्त्री की जिम्मेदारी है, पत्नी को एक विशेष प्रकार के धर्म का भी पालन करना होता है, विवाह के पश्चात उसका सबसे पहला धर्म होता है कि वह अपने पति व परिवार के हित में सोचे, व ऐसा कोई काम न करे जिससे पति या परिवार का अहित हो।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,28,200, रवा- 1,28,100 चांदी- टंच- 1,75,300 पाट- 1,75,100।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज-कॉलम



### विकास खण्ड स्तरीय दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**महिदपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल व जिला शिक्षा केन्द्र उज्जैन के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र महिदपुर में विकास खण्ड स्तरीय दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन के तहत खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 दिसम्बर सुबह 10 बजे से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मॉ सरस्वती का पूजन व माल्यार्पण विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विक्रमसिंह वर्मा,ाज्य शिक्षक संघ महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुश्री सुषमा खेमसरा, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक संतोषगुलाटी, एम.आर.सी. श्रीमती नीतू बाकड़े एवं विष्णु कारपेंटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड साक्षरता समन्वयक ताराचंद परिहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 84 दिव्यांग बच्चों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम में चित्रकला, रंगोली, नींबूरेस, दौड़, मेहंदी, गायन, व नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों को भोजन व पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक हिमांशु भारद्वाज सचिन गरासिया॰ प्रद्युम्न गुर्ज ॰श्रीमती शिखा वर्मा॰ श्रीमती ममता देवडा, श्रीमती दूर्गा चालिसा उपस्थित थे। अंत में आभार प्राथमिक शिक्षक ललित सोलंकी ने माना।

### महिदपुर में प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, पतंग दुकानों पर चाइना डोर की कड़ी जांच



**महिदपुर।** कस्बे में आज श्रीमान एसडीएम, श्रीमान एसडीओपी, श्रीमान तहसीलदार मैडम और थाना स्टाफ ने मिलकर सभी पतंग की दुकानों पर चाइना डोर की जांच की। टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में चाइना डोर की बिक्री न की जाए। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी कि अगर कहीं भी चाइना डोर की बिक्री होती दिखे, तो तत्काल थाने को सूचना दी जाए। चाइना डोर पर रोक सुरक्षा कारणों से लगी है, लेकिन ऐसी कार्रवाइयाँ अक्सर तब तेज हो जाती हैं जब सरकारों को अपनी इमेज चमकानी होती है – वरना आम दिनों में तो इन मुद्दों पर कोई ध्यान ही नहीं देता। प्रशासन ने चेतावनी भी दी कि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### श्रम बल सर्वेक्षण योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा

**महिदपुर।** भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा महिदपुर में वार्ड 13 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है यहां सर्वेक्षण कार्य दिनांक ३ दिसंबर 2025 से 6 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है इसके तहत संबंधित परिवारों से रोजगार बेरोजगारी पर आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं जिसमें क्षेत्रीय पार्षद श्री जगदीश राठौर (वार्ड क्रमांक 13) एवं नगर पालिका कर्मचारी श्री विनोद एवं उपक्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षण अधिकारी श्री श्रीकांत बाथली द्वारा सर्वे साथ में रहकर उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन से दिया जा रहा है सर्वे कार्य सर्वेक्षक प्रगणक श्री धर्मेंद्र राठौर द्वारा किया जा रहा है यह सर्वे देश के विकास के लिए, खास तौर पर युवाओं को रोजगार देने के लिए एवं देश की आर्थिक व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सामूहिक निकाह सम्मेलन 14 दिसम्बर हेतु 37 पंजीयन हुए

**महिदपुर।** नगरपालिका परिषद् महिदपुर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजनान्तर्गत 14 दिसम्बर 2025 को सामुहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन स्थानीय गंगावाड़ी मेला ग्राउण्ड में किया जा रहा है, विवाह योग्य कन्याएं पंजीयन कराकर योजना में सम्मिलित होकर शासन की योजना का लाभ ले सकती हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा बताया कि निकाय में आज दिनांक तक 37 कन्याओं द्वारा पंजीयन कराया गया है, जिनके आवेदन निकाय द्वारा विवाह पोर्टल पर दर्ज कर दिये गये हैं। विशेष परिस्थितियों में सम्मेलन के एक दिवस पूर्व तक आवेदन स्वीकार किए जावेंगे। सामूहिक निकाह सम्मेलन में निकाह करने पर कन्या को 49 हजार रुपये नगद बैंक खाते में प्रदान किए जावेंगे। उक्त जानकारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कविता भीमावद द्वारा दी गई।

### सिविल सर्जन के साये में अव्यवस्थाओं का अंबार भ्रष्टाचार अड्डा बन रहा

**देवास।** जिला महात्मागांधी चिकित्सालय डॉ बिमार रामप्रसाद परमार सिविल सर्जन के साये में अव्यवस्थाओं का अंबार भ्रष्टाचार अड्डा और मौत की मंडी बनता जा रहा है। देवास जिला महात्मागांधी चिकित्सालय जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी आंखों देखा बहुत बड़ी लापरवाही है। ढांचा भवन में 9 साल की जानवी छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन 3 घंटे से परेशान थे, 108 एंबुलेंस ने 2 घंटे तक आने में आनाकानी की, बाद में कहा–गाड़ी में गैस सिलेंडर नहीं है।

### निर्वाण दिवस पर दी बाबा साहेब को पुष्पांजलि

**जगोटी।** संविधान निमार्ता डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में ग्रामीण कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने की। महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा ने कहा कि आज देश में विभाजनकारी ताकतें भारतीय संविधान के मूल स्वरूप के विपरित कार्य कर रही है प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक को संविधान की गरिमा व सुरक्षा को लेकर जागरूक होना चाहिए।

# दीनदयाल रसोई योजना सारंगपुर में पिछले एक माह से बंद पड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



गरीबों और जरूरतमंदों को सस्ते भोजन की सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई दीनदयाल रसोई योजना सारंगपुर में पिछले एक माह से बंद पडी है। नगर के अकोदिया नाका स्थित डा. भीमराव अंबेडकर पार्क परिसर में लगी रसोई पर शनिवार को भी ताला लटका हुआ मिला। जबकि योजना का बोर्ड आज भी दीवार पर चमक रहा है।

**पुरानी समिति को हटाया, नहीं को नहीं दी अब तक जिम्मेदारी**

दरअसल नगर पालिका प्रशासन ने भोजन व्यवस्था में गड़बड़ी के चलते 31 अक्टूबर को प्रांजल युवा मंडल समिति को हटाया था, जिसके बाद से आज तक रसोई फिर शुरू नहीं हुई है। जब जिले के अन्य नगरों में यह योजना नगरपालिका संचालित कर रही है तो सारंगपुर में रसोई योजना बंद पड़ी हुई है। दरअसल रसोई बंद होने से रोज कमाने-खाने वाले मजदूर, बेघर और गरीब परिवारों को सबसे बडा नुकसान हो रहा है। जो लोग दिनभर मेहनत के बाद 5 रुपए में भरपेट भोजन खा लेते थे, वे आज दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आसपास के कुछ लोग बताते हैं कि कई बार मजदूरों को बिना खाना खाए काम पर जाना पड रहा है।

**31 अक्टूबर को मंडल समिति को हटाया, टेंडर नहीं**

दीनदयाल रसोई संचालित करने वाली प्रांजल युवा मंडल समिति को गडबड़ी मिलने के चलते नगर पालिका प्रशासन ने ३१ अक्टूबर को हटा दिया। इसके बाद से न कोई नया टेंडर जारी हुआ, न ही किसी संस्था को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक महीने से ताला झूल रहा है और योजना का लाभ भी गरीब लोगों को नहीं मल रहा है।

**नगरपालिका प्रशासन पर उठ रहे सवाल**

जिला स्तर पर अन्य जगहों की नगरपालिका खुद रसोई चला रही है। जबकि सारंगपुर में रसोई योजना बंद पड़ी है। पहले जो समिति कार्यरत थी, उसके गडबड़ी की तो उसे हटा दिया गया लेकिन उसके बाद नई समिति को जिम्मेदारी नहीं मिलने से अब योजना से गरीब वंचित है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका सिर्फ बोर्ड लगा कर योजना की सफलता दिखाना चाहती है, जबकि जमीन पर व्यवस्था ठीक नहीं है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठंड का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में गरीबों और जरूरतमंदों को गर्म भोजन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

### जानिए क्या है दीनदयाल रसोई योजना

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एक कल्याणकारी योजना दीनदयाल रसोई योजना है, जिसके तहत गरीब, मजदूर, और जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक और भरपेट भोजन जिसमें रोटी, सब्जी, दाल, चावल उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में शुरू की गई है, ताकि कोई भूखा न सोए और उन्हें सस्ता, साफ और स्वादिष्ट भोजन मिल सके। इसका उद्देश्य शहरी गरीबों, दिहाडी मजदूरों, बेघर लोगों, और यात्रियों को सस्ता और पौष्टिक भोजन प्रदान करना। इसमें आमतौर पर 4-5 रोटी, सब्जी, दाल और चावल शामिल होते हैं, जो स्वच्छ और स्वादिष्ट होते हैं। योजना के तहत भोजन की थाली मात्र 5 रुपये में मिलती है।

### बोले जिम्मेदार



पूर्व में दीनदयाल रसोई संचालित करने वाली प्रांजल युवा मंडल समिति को गडबड़ी मिलने पर 31 अक्टूबर को हटा दिया। उसके बाद नई टेंडर प्रक्रिया में समय लगा है। आज टेंडर ओपन हो जाएगा, उसके बाद नई समिति को टेंडर मिलते ही हम इस महत्वपूर्ण रसोई योजना को पुनः संचालित कराएंगे और गरीबों को भोजन का लाभ दिलाएंगे। संभवता एक सप्ताह के भीतर आदेश हो जाएंगे। **ज्योति सुनहरे, सीएमओ, नगरपालिका, सारंगपुर।**

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष सिंह के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसजनों ने अस्पताल में बांटे फल

### युवक कांग्रेस ने सारंगपुर में बैठक कर कलेक्टर घेराव की बनाई रुपरपेखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को कांग्रेसजनों ने स्थानीय सरकारी अस्पताल में पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना करते हुए सेवा और जनसंपर्क को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया।

कांग्रेसजनों ने ब्लाक कांग्रेस कार्यालय सारंगपुर में एकत्रित होकर गौ माता के सम्मान को लेकर जिला राजगढ में प्रस्तावित कलेक्टर घेराव की तैयारी के संबंध में युवक कांग्रेस ने सारंगपुर में बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठन की जिम्मेदारियाँ और रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता एमपीइबी कार्यालय भी पहुँचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर से बढते बिल, तकनीकी समस्याओं एवं उपभोक्ताओं की बढती परेशानियों का उल्लेख करते हुए अविलंब समाधान की मांग की गई। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरोडा, मोहम्मद अली, आबिद हुसैन लोदी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल पाल, सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष राज धाकड, शोहेब हसन राही रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष लखन राजपूत ने किया।

# मॉडल स्कूल में पर्यावरण की सुरक्षा कर किया छात्र और छात्राओं को जागरूक

**सारंगपुर।** शासकीय माडल हायर सेकंडरी स्कूल सारंगपुर में प्राचार्य बबीता मिश्रा के नेतृत्व स्टाफ द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान प्राचार्य सुश्री मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को बताया की पर्यावरण हमारे चारों ओर है। जिसमें हवा, पानी, भूमि, पेड;-पौधे, जीव-जंतु और सभी प्राकृतिक व मानवीय परिस्थितियां शामिल हैं। ये सभी हमारे जीवन को प्रभावित करती हैं। पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है, इन प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित और सही उपयोग करते हुए उनकी रक्षा करना। जिससे वे भविष्य में आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित रहें। इसके उपायों में पेड लगाना, पेड लगाकर उनकी सुरक्षा करना, बिजली बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, सार्वजनिक परिवहन अपनाना और जल-वायु प्रदूषण रोकना। दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के उपाय के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि पौधरोपण कर अधिक पेड लगाएं और उनकी देखभाल करें, ऊर्जा बचाएं, कमरे से निकलते समय लाइटें बंद करें और ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करें, सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, जब संभव हो सार्वजनिक परिवहन, साइकिल या पैदल चलें, कचरे को सही ढंग से अलग करें और उसका उचित निपटान करें, जल संरक्षण के तरीके अपनाएं, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढावा देना चाहिए।.

# सारंगपुर विकासखंड में बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड क्षेत्र के ब्यावरामांडू गांव में शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल द्वारा सरकारी हाइस्कूल का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षक उपस्थित पाए गए। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बीईओ विरमाल ने बताया कि विद्यालय में उपस्थित बच्चों की संख्या भी पर्याप्त पाई गई एवं सभी बच्चे पढाई करते हुए देखे गए। बता दें कि बीईओ द्वारा क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थापित में शिक्षकों के अनियमित रूप से मनमाने समय पर विद्यालय आने और छोडने की शिकायतों पर इन दिनों लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कई स्कूलों के शिक्षकों से निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित होने के कारण स्पष्टीकरण भी पूछा गया है, जिसके बाद से सभी शिक्षकों के बीच हडकंप मचा हुआ है। निरीक्षण में बीईओ ने स्वच्छता पर भी बल दिया, उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल व शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**यह निर्देश भी दिए**

ब्यावरा मांडू हाईस्कूल के निरीक्षण के दौरान बीईओ विरमाल ने प्रेरणा भाषण देकर बच्चों मुझे आगे बढने की बात कही। उन्होंने इस दौरान 100 फीसदी उपस्थिति के निर्देश देते हुए विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषय को लेकर विशेष टिप्स भी दिए। विरमाल ने सभी शिक्षकों को नियम से विद्यालय आने को कहा तथा 100 प्रतिशत परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। बीईओ ने विज्ञान विषय को प्रैक्टिकल लेकर भी पढाई कराई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

# व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत करवाया गया औद्योगिक तथा शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसवा माताजी के छात्र छात्राओं को ग्राम भैंसवा माताजी के वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल नागर तथा संस्था प्राचार्य रमेश चंद्र नागर द्वारा औद्योगिक तथा शैक्षणिक भ्रमण उज्जैन हेतु प्रातः 7.30 पर स्कूल प्रांगण से मां बिजासन तीर्थ यात्रा की बस को रवाना किया गया। जिसमें व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले दोनों ट्रेड आइडी, आइटीइएस एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के समस्त छात्र-छात्राओं को सबसे पहले शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज उज्जैन में आईटी लेब तथा इलेक्ट्रॉनिक लैब का भ्रमण करवाया गया।

तत्पश्चात शैक्षणिक भ्रमण के लिए वैद्यशाला में वैदिक घडी तथा गोलार्द्ध के बारे में बच्चों को विस्तार से समझाया गया। उसके बाद दार्शनिक स्थलों में सर्वप्रथम महाकाल लोक के दर्शन, विक्रमादित्य के नवरत्नों के दर्शन तथा चार धाम मंदिर आदि धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को जैन पथ होटल पर भोजन करवाया गया। भ्रमण के साथ में दोनों शिक्षक राकेश लववंशी तथा ललित वर्मा के साथ यात्रा प्रभारी विष्णु प्रसाद पाटीदार, हिम्मत सिंह नागर तथा सहयोगी शिक्षक ब्रजमोहन नागर, बृजेश मालवीय तथा दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा साथ रहे।

### थाना परिसर में थाना प्रभारी रघुवंशी का किया स्वागत

सारंगपुर। लीमा चौहान थाने में नव पदस्थ थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी का स्थानीय लोगों ने थाना परिसर में पहुंचकर स्वागत किया है। स्वागत समारोह में लोगों ने राहुल रघुवंशी को मिठाई खिलाई और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बडी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे। मौके पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने कहा कि लीमा चौहान पुलिस लोगों की सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। हम अपराधियों पर लगाम लगाते हुए अपराधो पर नियंत्रण लगाऐ। ताकि आमजन को सुरक्षा का एहसास हो।

# कांग्रेसजनों ने बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेकर शपथ ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

संविधान दिवस सप्ताह कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निदेर्शानुसार स्थानीय स्तर पर कांग्रेसजनों के द्वारा संविधान चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय ने कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और इसके संरक्षण तथा जनजागरण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदि ने कार्यकताओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन निजाम कुरैशी द्वारा किया गया एवं आभार आनंद यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित रहे।

भारत के संविधान निमार्ता और देश के पहले कानून मंत्री डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी के साथ वहां उपस्थित कांग्रेसजनों ने बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेकर शपथ ली। इस मौके पर सारंगपुर के पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली ने कहा कि बाबा साहेब भारत में समानता के प्रतीक है। बाबा साहेब आंबेडकर का जन्मदिन 14 अप्रैल को 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था तथा पुण्य अतिथि 6 दिसंबर को है। उनको भारतीय संविधान के पिता के रूप में सम्मानित किया गया, क्योंकि उनकी अध्यक्षता में ही संविधान सभा ने दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया था। श्री आंबेडकर ने जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लडने में न्यायविद के समर्पण को याद करना है। डाक्टर भीम राव आंबेडकर ने एक ऐसे भारत की कल्पना की जहां सभी नागरिकों को कानून के तहत समान माना जाए और उन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी के लिए अभियान भी चलाया था। डा. आंबेडकर ने जातिगत भेदभाव और उत्पीडन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि डा.भीमराव आंबेडकर को उनके लाखों प्रशंसक और अनुयायी स्नेह पूर्वक बाबा साहब के नाम से बुलाते है। उन्होंने अपने जीवन काल में अधिक से अधिक मुसीबतों का सामना किया। बाबा साहब अपने वचनों में कहते थे शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, डॉ.बाबा साहब की 64 वर्ष की आयु में 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में मृत्यु हुई। दलित समाज के के उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांग्रेस नेता शोएब हसन राही ने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता डाक्टर आंबेडकर ने बहुत संघर्ष कर शिक्षा प्राप्त की है और दलित वर्ग के उत्थान के लिए उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। भीमराव आंबेडकर हमेशा भारतीय संविधान निर्माता के रूप में लोगों के मन में बसे रहेंगे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता बाबूलाल पिता मांगीलाल जी जाति माली निवासी ग्राम गजनीखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 272/1/1 रकबा 0.4000 हे. में से रकबा 0.2000 हे. भूमि सर्वे क्र. 272/1/2 रकबा 0.0200 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.2200 हे. ग्राम रुनिजा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से ७ दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो दिनांक 06.12.2025

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

न्यूज-कॉलम

## विद्युत पेंशनर्स की मासिक बैठक संपन्न

**नीमच।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन नीमच की मासिक बैठक पेंशनर्स कार्यालय नीमच में 5 दिसंबर 2025 को एसबी ताम्रकर व श्यामसुंदर बैरागी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसमे सर्व प्रथम संगठन के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए बताया कि ग्वालियर मे रजत जयंती समारोह में प्रदेश के विद्युत पेंशनर्स के हित में संयुक्त मोर्चा का गठन हुआ जिसमे संयोजक सुरेश बाबू खरे छतरपुर को मनोनित किया गया। संयुक्त मोर्च की प्रथम बैठक दिनांक 25 नवम्बर को इन्दौर मे आयोजित की गई थी जिसमे सभी घटक दलो ने सवार्नुमति से प्रस्ताव पास किया कि प्रदेश के सभी विद्युत पेंशनर्स के लिये पेंशन ग्यारन्टी व धारा 49/6 को समाप्त करने हेतु 2 सूत्रीय मांग को लेकर एक ज्ञापन, मुख्यमंत्री के नाम अपने अपने जिले के कलेक्टर के माध्यम से दिनांक 23 दिसंबर को प्रेषित करना है अतः प्रांतीय पदाधिकारियो के निदेर्शानुसार विद्युत पेंशनर्स संगठन नीमच जिले के सभी पेंशनर्स से आव्हान करता है कि 23 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे पेंशन कार्यालय नीमच मे उपस्थित होकर जोरदार/शानदार रैली के साथ जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को दो सूत्रीय मांग पत्र सौंपेंगे।

## मंदसौर गौरव दिवस पर दो दिवसीय आयोजन

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद के द्वारा मंदसौर नगर का गौरव दिवस मनाने हेतु आज से 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, सीएमओ अनिता चाकोटिया ने बताया कि आज 7 दिसम्बर रविवार को मंदसौर गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर सायं ४ बजे ग्राम सौंधनी के विजय स्तंभ परिसर में तथा सायं 5 बजे तेलिया तालाब परिसर स्थित सम्राट यशोधर्मन की प्रतिमा सहित नगर में स्थित सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। सायं 5.30 बजे शासकीय महाविद्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। कल 8 दिसम्बर सोमवार को मंदसौर गौरव दिवस के दिन तेलिया तालाब परिसर में सायं 5 बजे संस्कृति दर्शन कार्यक्रम होगा इसके अंतर्गत देशभक्ति गीत, संगीत नृत्य व आतिशबाजी होगी।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे बालाजी रिसोर्ट के सामने अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 106(1) में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी अनुसार यह हादसा 30 नवम्बर की शाम करब 8.45 बजे का है। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक को अज्ञात वाहन के चाक ने अशोक जैन को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## नगरपालिका वार्डो में लगा रही है वसूली शिविर

**मन्दसौर।** नगरीय विकास विभाग के निर्देशानुसार 5 से 19 दिसम्बर तक नपा परिषद के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में सम्पत्ति कर एवं अन्य करों की वसूली हेतु विशेष शिविर लगाकर करों की वसूली का कार्य कर रही है। 5 दिसम्बर, शुक्रवार को कमला नेहरू बाल मंदिर स्कूल के बाहर नईआबादी में करों की वसूली का कार्य किया गया। वार्ड क्र. 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12 एवं 21 की वसूली का शिविर लगाया गया।

## नई आबादी अम्बे माता मंदिर में आज भण्डारा

**मन्दसौर।** जय अंबे माता मित्र मंडल नई आबादी के तत्वाधान में अंबे माता मंदिर गोवर्धन कॉम्प्लेक्स सहकारी बाजार रोड पर आज रविवार को प्रातः 10.15 बजे महा आरती का आयोजन किया जाएगा आरती के पश्चात भक्तों के लिए भोजन प्रसादी प्रातः 11बजे से प्रारंभ की जाएगी।

## केबीनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने एसआईआर की समीक्षा की

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने रतलाम विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेश गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा के पांचों मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री से अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली और शेष बचे नामों को तलाश कर संबंधित व्यक्तियों के फॉर्म भी जमा कराने के निर्देश दिए।

# आबकारी विभाग ने बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में एक मकान पर दबिश देकर 15 लीटर अवैध ताड़ी जब्त की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

आबकारी विभाग ने शुक्रवार रात शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में एक मकान पर दबिश देकर १५ लीटर अवैध ताड़ी जब्त की। यह ताड़ी बाइक की डिग्गी और बाल्टी में छिपाकर रखी गई थी। इसके अलावा शहर की प्रमुख शराब दुकानों के बाहर खुले में जाम छलकाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोहर खरे और एसएन शिंगनाथ के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जांच की। बाजना बस स्टैंड के पास आरोपी चेनू के मकान की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की थैलियों में भरी 15 लीटर अवैध ताड़ी मिली। आरोपी ने इसे बाइक की डिग्गी और बाल्टी में छिपा रखा था। विभाग ने आरोपी के खिलाफ अवैध ताड़ी बेचने का केस दर्ज किया है।



**इन दुकानों के बाहर हुई कार्रवाई**

टीम ने शहर की कंपोजिट मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों के आसपास रोड और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते मिले लोगों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किए गए।

इन जगहों पर हुई जांच : सज्जन मिल, बड़बड़, साला खेड़ी, पावर हाउस और स्टेशन रोड स्थित शराब दुकानें। दुकान संचालकों को चेतावनी- गंदगी नहीं चाहिए। आबकारी अधिकारियों ने शराब दुकान संचालकों को भी सख्त लहजे में चेतावनी दी है। अधिकारियों ने कहा कि दुकान पर साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि दुकान के आसपास ग्राहक शराब का सेवन न करें।

**अभियान जारी रहेगा**

सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि अवैध ताड़ी विक्रय और परिवहन पर पूर्ण नियंत्रण के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई में उप निरीक्षक वंदना अग्रवाल, सचिन भास्करे, अभिषेक वायकर आदि शामिल रहे।

# संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस सदैव प्रतिबद्ध-श्री गुर्जर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव जी अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उनकी प्रतिमा स्थल पहुंचकर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने कहा, कि सुदृढ़, सशक्त एवं उन्नत भारत के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। सामाजिक न्याय, समता और मानवाधिकारों के लिए उनके संघर्ष आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। श्री गुर्जर ने सभी कार्यकताओं को बाबासाहेब के दिखाए मार्ग पर चलने व संविधान के मूल्यों को जीवंत रखने की शपथ दिलाई।



पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि अंबेडकर जी ने दलितों-शोषितों-वंचितों के उत्थान और समानता के लिए जीवनभर संघर्ष किया। जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया ने कहा कि बाबा साहेब ने न केवल भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यस्संथअ दी बल्कि विपरीत परिस्थितियों मे शिक्षा ग्रहण कर कुशलता पूर्वक संविधान की रचना की ।

इस अवसर पर कांग्रेसजन मंजीत सिंह टुटेजा, दुर्गेश सिंह पटेल, राघव सिंह शक्तावत, दिलीप देवड़ा, राजनारायण लाड़, वहीद जैदी, आसिफ छीपा, प्रवीण मांगरिया, सुनील बसेर, साबिर इलेक्ट्रिशन, सकलेन करार, संजय नाहर, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, रूपल संचेती, सम्यक जैन, साबिर शाह आदि उपस्थित रहे। संचालन राजेश सोलंकी ने किया व आभार संदीप सलोद ने माना ।

## साप्ताहिक जैविक हाट में नगर पालिका का जैविक खाद एवं आँवले रहे सब की पसंद

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप जिला मुख्यालय नीमच पर दशहरा मैदान में टाउन हॉल के सामने जिला प्रशासन, नगर पालिका नीमच एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में साप्ताहिक जैविक हाट की शुरूआत 6 दिसंबर को प्रातः 10 बजे की गई! इस साप्ताहिक जैविक हाट में जिले के नागरिकों को एक ही स्थान पर अच्छी गुणवत्ता के जैविक उत्पाद उपलब्ध कराने बड़ी संख्या में जैविक फल, सब्जियां, अनाज, दालों, जैविक, खाद एवं अन्य जैविक उत्पाद तैयार करने वाले प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में नपा तैयार किए गए जैविक खाद एवं आँवले की स्टाल भी लगाई गई जिसे प्रदर्शनी में आए नागरिकों ने काफी सराहा एवं जैविक उत्पादक क्रय भी किये! नगर पालिका के स्टॉल पर स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने उपस्थित होकर जैविक उत्पादों का विक्रय किया! इस दौरान कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री मनीषा धाकड एवं कृषि वैज्ञानिकों, एसडएम श्री संजीव साहू ने जैविक हाट बाजार में उपलब्ध है।

## 79 वां अखिल भारतीय होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया



### जिला होमगार्ड परिसर में परेड का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले में आज 6 दिसंबर को 79 वां अखिल भारतीय होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह होमगार्ड लाइन (परेड ग्राउंड) में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं एसपी श्री अमित कुमार ने परेड की सलामी ली। समारोह में अतिथियों द्वारा प्लाटून कमांडरो का परिचय प्राप्त किया गया।

स्थापना दिवस पर संदेश का वाचन करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने कहा कि होमगार्ड नागरिक सुरक्षा संगठन बल की ड्यूटी महत्वपूर्ण है, आपदा राहत के लिए नवीन तकनीक का प्रशिक्षण देकर बल का क्षमता वर्धन हुआ है। संगठन ने महाकुंभ, बाढ़ ,आपदा,अतिवृष्टि निर्वाचन सहित अनेक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, आपदा मित्र तैयार कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने राष्ट्र सेवा के भाव से कार्य किए जाने के लिए होमगार्ड की प्रशंसा की। समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थी अक्षिता पिता रामचंद्र चौहान कक्षा दसवीं का 81 प्रतिशत अंक लाने, पुरवा पिता गुणवंत चौहान का कक्षा 12 वीं में ८५त्न अंक लाने , दानिश पिता शाकिर खान का एम बी ए में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आपदा राहत संबंधी उपकरण का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सभी आवश्यक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।समारोह में नगर निगम आयुक्त श्री अनिल भाना, रक्षित निरीक्षक श्री मोहन भर्रावत, होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती रोशनी बिलवाल उपस्थित थे।

# होमगार्ड दिवस पर निकली परेड, कलेक्टर ने ली सलामी



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर स्थानीय होमगार्ड लाइन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक परेड से हुई, जिसका नेतृत्व परेड कमाण्डर संदीप भँवर एवं टीयूआईसी जितेन्द्र कनोजिया द्वारा किया गया। होमगार्ड, सिविल डिफेंस एवं एनसीसी के जवानों ने अनुशासित व प्रभावी मार्चपास्ट प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि द्वारा भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा गृह सचिव गोविंद मोहन के संदेशों का वाचन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना द्वारा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा म.प्र. की डायरेक्टर जनरल प्रज्ञा रीचा श्रीवास्तव, आई.पी.एस. का संदेश पढ़ा गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर होमगार्ड जवानों के मेधावी बच्चों को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर छात्रवृत्ति के चेक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी, डीएफओ, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, विभिन्न थाना प्रभारी एवं होमगार्ड/नागरिक सुरक्षा परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट श्री वीरेन्द्रसिंह जादौन द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पश्चात आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी जवानों की प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत एक-रे एवं स्क्रीनिंग की गई। अंत में रस्सा-कस्सी, चम्मच दौड़ सहित विभिन्न खेलकूद गतिविधियाँ सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स एवं एनसीसी द्वारा आयोजित की गईं।

## डॉ.अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन भेदभाव मिटाने व समानता के लिए समर्पित कर दिया

### कांग्रेसजनों ने संविधान बचाने की ली शपथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

संविधान निमार्ता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ ने शनिवार को प्रातः 10.30 बजे अंबेडकर चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई।इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने मौजूद कांग्रेसजनों को संविधान की रक्षा की शपथ भी दिलवाई।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि 6 दिसम्बर को भारत रत्न डॉ, भीमराव जी अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के नाम से मनाया जाता है।अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता थे,जिन्होंने अपना पूरा जीवन समानता के लिए वकालत ओर जाती आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया।शर्मा ने कहा कि देशभर में लाखो लोग इस पवित्र दिन पर उनकी शिक्षाओं ओर न्यायपूर्ण ओर समावेशी समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता पर विचार कर उनकी विरासत को याद करते है।शर्मा ने कहा कि समाज सुधारक बाबासाहेब के अनुसार बुद्ध उनकी विचारधारा और विचारों के मामले में सबसे करीबी थे। अंबेडकर जी को बौद्ध गुरु माना जाता था, क्योकि उन्होंने भारत मे अश्पृश्यता जैसे सामाजिक अभिशाप का उन्मूलन करने का बहुत बड़ा प्रभाव डाला था।



जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष तुलसीराम पाटीदार ने कहा कि बाबासाहेब की पुण्यतिथि शौक मनाने का दिन नही है।यह चिंतन और प्रेरणा का दिन है जो हमे न्यायपूर्ण ओर समावेशी दुनिया के उनके दृष्टिकोण को आगे बढाने का आव्हान करता है। कांग्रेस नेता विजेश मालेचा ने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा और राजनीति में उत्पीड़ित को सशक्त बनाने के लिए आरक्षण सहित अनेक क्रांतिकारी प्रावधानों को प्रस्तावित किया।एक समाज सुधारक के रूप में उन्होंने दलितों की आवाज को बुलंद किया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष द्वय अजहर हयात मेव, लियाकत मेव,सचिव अरविंद सोनी, हाजी मजीद पठान,नगर कांग्रेस अध्यक्ष कोहिनूर मेव मेव,गोपाल भारती, अंकित कांसल,कांग्रेसनेता आबिद भाई, पार्षद दिलीप तिवारी,विनोद तंवर,अनवर मंसूरी,शिवप्रकाश मांदलिया, विपिन तिवारी,भेरूलाल मालवीय, डा, शौकीन सोलंकी आदि मौजूद थे।कार्यक्रम पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनीट का मौन रखकर बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपियों के मकान को ढहाया

**गरोठ और शामगढ़ पूर्णतः बंद रहे**

**मन्दसौर।** शामगढ़ में दो आरोपियों द्वारा नाबालिगा का चाकू की नोक पर अश्लील विडियों बनाकर उसे वायरल करने वाले दो आरोपियों के मकान पर शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर से गिराने की कार्यवाही की गई। आरोपियों के मकान गिराने की मांग शुक्रवार से ही हिन्दू संगठनों द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने शुक्रवार को घटना के दोनों आरोपियों रिहान पिता शकीर अब्बासी व बाबू पिता निजाम शाह को गिरफ्तार कर लिया था। शामगढ़ में प्रदर्शन कर लोगों ने दोनों आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग की। मांग नहीं मानी गई तो शनिवार को भी घटना के विरोध में शामगढ़ के साथ गरोठ भी बंद रहा। कृषि उपज मंडी, निजी स्कूल-कॉलेज, बाजार, चाय-नाश्ते की दुकानें बंद रहे। सुबह से लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था। वे आरोपियों के घर तोड़ने की मांग पर अड़े रहे।जिसके चलते दोपहर में प्रशासन ने पहले आरोपी रेहान के मकान के आगे का ढाई फीट का हिस्सा ढहा दिया। इसके बाद आरोपी बाबू के घर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई। हालांकी एक आरोपी के आधे मकान तोड़ने की कार्यवाही के पश्चात हिन्दू संगठन पुनः आंदोलन करने पर उतारू हुए। आखिर में दोनों आरोपियों के मकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। दूसरी और पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## नव चयनित डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षिता दवे का नागर समाज ने किया स्वागत



**पिपलिया मंडी।** श्री विकास दवे मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी निदेशक एवं उनकी पुत्री नव चयनित डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षिता दवे का नागर समाज मंदसौर ने श्री बालकृष्ण दवे मंदसौर के निवास स्थान पर समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, गोविन्द नागर ,राजेंद्र नागर ,हरीश दवे, सुनील मेहता, विनोद नागर,यश दवे, धर्मेंद्र नागर, मोहन नागर, प्रतिभा नागर, वंदना दवे, अर्चना दवे, विशाखा,अमृता, सुशीला दवे, येशीता दवे सहित कई समाज जनों द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## मादक पदार्थ तस्करी में फरार आरोपी को रतनगढ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नीमच।** मदक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे फरार आरोपियो की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में श्री नवलसिंह सिसोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच, श्री रोहित राठौर, अनु. अधिकारी पुलिस जावद के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रतनगढ़ श्री मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना रतनगढ़ पुलिस को फरार आरोपी को गिरफ?तार करने में मिली सफलता। थाना रतनगढ़ के अपराध एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी मुन्नालाल पिता रामप्रसाद भील उम्र 25 साल निवासी जनकपुर तहसील जावद जिला नीमच का लगातार फरार चल रहा था, श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में फरार चले रहे आरोपियो की धरपकड व गिरफ?तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। फरार आरोपियो की तलाश हेतु लगातर प्रयास कर मुखबीर तंत्र सक्रिय कया जाकर पुलिस थाना रतनगढ द्वारा फरार आरोपी मुन्नालाल भील को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मनोज सिंह जादौन था०प्र० रतनगढ व पुलिस चौकी डीकेन की उल्लेखनीय व सराहनीय भूमिका रही ।

## शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नीमच।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच के तत्वावधान में शनिवार को भारतीय संविधान के रचयिता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शनिवार प्रातः 11.30 बजे गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित जनों ने समाज सुधार और देश को एक सूत्र में पिरोने वाले संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष राकेश अहीर, ब्लॉक कांग्रेस मोनू लोक्स,अनिल चौरसिया,संगठन मंत्री ब्रजेश मित्तल,अ जा.प्रदेश सचिव महेश वीरवाल ,राकेश सोनकर, गजेंद्र यादव, इलियास कुरैशी, जावेद दुरार्नी, मनोहर अम्ब ,धर्मेंद्र सिंह परिहार, वैभव अहीर, अमर सिंह जयंत, मो. नदीम और बबली तंवर सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद थे। सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर यूथ कांग्रेस नेताओं ने किया माल्यार्पण

**जावरा।** डॉ अम्बेडकर कि पुण्यतिथि पर यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सन्नी अखेड़िया के नेतृत्व में कोर्ट में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर कि मूर्ति पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस दौरान अध्यक्ष अखेड़िया ने उद्बोधन में कहा कि हम बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलेंगे। वहीं संविधान के नियमों को ध्यान में रखते हुए जनमानस के हितों के लिए कार्य करेंगे। संविधान की रक्षा के लिए सदैव दृढ़संकल्पित रहेंगे। पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सयम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि पप्पू चारोडिया, पार्षद कन्हैयालाल हाड़ा, पार्षद प्रतिनिधि इमरान मंसूरी, यूथ कांग्रेस जावरा ग्रामीण उपाध्यक्ष शुभम बैरागी ,निहाल गोहर ,गुलु गोशार, एवँ यूथ कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में 8 सदस्यों की एक टोली बनाई गई

**शुजालपुर।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत शुजालपुर तहसील की मासिक बैठक गुरुवार को शुजालपुर कृषि उपज मंडी बैठक हाल में हुई। भगवान बलराम की पूजा अर्चना व ध्वजारोहण कर बैठक का शुभारंभ हुआ। जिला अध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने संगठन विस्तार पर कार्यकताओं से चर्चा की एवं शुजालपुर तहसील के 8 सदस्यों की एक टोली निर्माण की तथा तहसील कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य को 3 ग्राम इकाई में प्रवास के लिए निर्धारित किए। बैठक में जिला अध्यक्ष सवाईसिंह सिसोदिया,तहसील अध्यक्ष राजेंद्रसिंह मेवाडा,मंत्री मानसिंह धनगर एवं तहसील कार्यकारिणी सदस्य, नगर अध्यक्ष डॉ हुकमसिंह मेवाडा, मंत्री अभिषेक जोशी, कपिल धनगर तथा ग्राम इकाई अध्यक्ष व मंत्री उपस्थित रहे। जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख निलेश धनगर ने दी।

## रिवर्स लेने के दौरान ट्रक ने तोड़े विद्युत पोल, कंपनी अधिकारी ने दर्ज कराया मामला

**शुजालपुर।** कृषि उपज मंडी प्रांगण में अनाज भरने आए एक ट्रक चालक ने रिवर्स लेने के दौरान लापरवाही पूर्वक वाहन



चलाते हुए प्रांगण में लगे तीन विद्युत पोल तोड़ दिए। इन विद्युत पोल के टूटने से पोल पर लगी विद्युत लाइन भी नीचे गिर गई और कुछ स्थानों पर लटक गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। कृषि उपज मंडी की सूचना पर विद्युत कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और विद्युत प्रदाय बंद किया गया। विद्युत वितरण कंपनी शुजालपुर शहर के सहायक यंत्री रवि पिता बाबूलाल वर्मा ने इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा कि कृषि उपज मंडी प्रागंण क्रमांक 1 में ट्रक क्रमांक आर जे 11जी बी 3065 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली के तीन पोल तोड़ दिए। ट्रक ड्राइवर ने अपना नाम गुरु दयाल पिता अनार सिंह यादव निवासी फ तेहाबाद आगरा उत्तर प्रदेश होना बताया। इस ट्रक की टक्कर से विद्युत कंपनी को लगभग 75000 का नुकसान हुआ, पुलिस में सहायक यंत्रीकी शिकायत पर मामला दर्ज किया।

## शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने सड़क पर उतरे अधिकारी

### आवागमन में बाधक सामग्रियों को हटाया



**शुजालपुर।** शहर के अधिकांश प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण व वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात की समस्या उत्पन्न होती है और आवागमन बाधित होता है, इस समस्या को लेकर मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर गुरुवार को नगर पालिका, पुलिस व राजस्व का संयुक्त दल निकाला। जिन्होंने पुलिस चौकी चौराहे से अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरूआत की अमले में आवागमन को बाधित करने वाले दुकानों के बाहर रखें सामान हटवाए। इस अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हालदार, एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख, मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व अन्य जवाबदार अधिकारी मौजूद रहे। अतिक्रमण हटाने आए अधिकारियों से व्यापारियों ने भी चर्चा की ओर कहा कि प्रमुख चौराहो पर पुलिस व यातायात कर्मियों की स्थाई ड्यूटी लगाई जाए, अधिकांश मार्गो पर आवागमन अवस्थित खड़े रहने वाले वाहन व ठेलों के कारण जाम होता है, इस पर सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जाना चाहिए।

## शा. महाविद्यालय में कैंप लगाकर 40 छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाएं



**आगर मालवा।** महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा गुरूवार को शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया के मार्गदर्शन में शिविर लगाकर 40 छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाएं गए। महाविद्यालय की ओर से प्रो. अजय प्रताप सिंह एवं रोहित गुर्जर ने कार्यक्रम के संयोजन में अहम भूमिका निभाई, जबकि महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं एनएसएस इकाई सक्रिय रूप से उपस्थित रही। प्राचार्य ने कहा कि आज की छात्राएँ कल का नेतृत्व करेंगी। स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए ड्राइविंग कौशल आवश्यक है। यह कैंप हमारी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छोटा किंतु मजबूत कदम है। छात्राओं में उत्साह देखते ही बनता था।

### जनपद पंचायत के कार्यों की समीक्षा बैठक में सीईओ गढपाले बोले: मां बगिया में सारंगपुर ने अच्छा काम किया

# टैक्स वसूली कर आत्मनिर्भर बने पंचायतें, गौशाला में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सरकार की मंशानुरुप पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुछ कठिन कदम उठाने पढेंगे, ताकि पंचायतें आत्मनिर्भर बन सकें। इसके लिए पचांयत स्तर पर संचालित पेट्रोल पंप, वेयर हाउस, दुकानें, ढाबे सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से टैक्स वसूलना पडेगा। जिससे पंचायतों में नए विकास कार्य के साथ ही पंचायतों के कर्मचारियों का वेतन समय से मिल सकें। सभी सचिव एवं सहायक सचिव अधिक से अधिक टैक्स वसूले यह जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढपाले ने ग्राम पचांयत उदनखेडी की गौशाला में विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देश अनुसार ही पंचायतों में कार्य किया जाए,जो टारगेट ईकेवाईसी का दिया जाता है उसको समय पर पूर्ण करें, प्रत्येक पंचायतें 5 वां वित से शांतिधाम जरुर बनाएं ताकि किसी की कोई परेशानी न हो।

### मां बगिया में सांगपुर जिले में अव्वल

श्री गढपाले ने कहा कि एक बगिया मां के नाम में सारंगपुर जनपद ने अच्छा काम किया है, इसके लिए बधाई के पात्र है साथ ही आंगनवाडी, स्वच्छता परिसर, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास आदि के कार्यो में प्रगति लाएं। ताकि सारंगपुर पूरे जिले में नंबर वन रहें। प्रारंभ में सरपंच नंदकिशोर भिलाला, पूर्व सरपंच नंदलाल नागर ने श्री गढपाले, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, एसडीओ कृपाल पेरवाल, एपीओ ललित कुमार दुबे आदि का स्वागत



किया।

### सभी एक पौधा जरुर लगाएं

श्री गढपाले ने गौशाला परिसर पहुंचकर पौधारोपण किया। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अजीविका मिशन,पशु विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरुर लगाएं और उसका पालन पोषण भी करें। ताकि आने वाले समय में हमें ऑक्सीजन की कमी से न जुझना पडें।

### सेवा निवृत्त सचिवों का किया स्वागत

जनपद पंचायत सारंगपुर के सचिव घीसूलाल वर्मा, नवरंगप्रसाद शर्मा, ब्रजराज सिंह उमठ आदि की सेवानिवृत्त होने पर शाल-श्रीफल से उनका स्वागत किया गया है और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी सचिवों से उन्होंने पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की अपील की और अच्छा काम करने के लिए प्रेरित भी किया।

### सोलर पैनल के लिए पाडल्यामाता का चयन

श्री गढपाले ने बताया कि छह ब्लॉकों में से सौलर पैनल के लिए सारंगपुर जनपद की पाडल्यामाता ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। सचिव पुखराज नागर को उन्होंने अच्छा काम करने के साथ साथ अच्छा कार्यालय बनाने के लिए बधाई भी दी। इस अवसर पर पंचायत समन्वयक अधिकारी कमलसिंह राठौर, कौशल नंद, जवाहर लाल पांचाल, उपयंत्री अनिल जालौन, पंकज पूर्बिया, सचिव पंकज नागर, नरेन्द्र पाण्डे, श्यामबाबू शर्मा, घनश्याम सेन, सुरेन्द्र सिंह सौलंकी, जगदीश कारपेंटर, सहायक सचिव कालूसिंह पंवार, रामबाबू गुर्जर, सिद्धनाथ जाट सहित बडी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### समीक्षा के दौरान कार्रवाई

जिपं सीईओ गढपाले ने इकेवायसी 9 फीसदी होने के कारण कल्याखेड़ी सचिव को सस्पेंड कर दिया और रोजगार सहायक को जपं में अटेंच किया। इस दौरान 30 आंगनवाड़ी निमार्णाधीन को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। शांति धाम प्रत्येक गांव में नहीं होने पर सचिव एवं उपयंत्री पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मनरेगा में इकेवायसी 50 फीसदी से कम पानी पंचायत पर कार्रवाई, संभल इकेवायसी में पड़ाना की 286 एवं संडावता की 160 पेंडिंग पाई जाने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए अतिरिक्त जल गंगा संवर्धन में के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत में करारोपण करने के निर्देश दिए गए। सुखे हैंडपंपो को रिचार्ज करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीपीएम सुशील सोनी, बीईओ सुरेश विरमाल, बीआरसी बीएल वर्मा, गौशाला संचालक नंदलाल नागर सहित अन्य उपस्थित थे।

**बोले जिम्मेदार**

हमारे द्वारा ग्राम पंचायत उदनखेडी की गौशाला में विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक रखकर शासन के दिशा-निर्देश अनुसार ही पंचायतों में कार्य करने, ईकेवाईसी समय पर पूर्ण करने, प्रत्येक पंचायतें 5 वां वित से शांतिधाम बनाएं सहित पीएम आवास व अन्य योजनाओं की समीक्षा की है और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। समीक्षा के दौरान निकालकर आया है कि एक बगिया मां के नाम में सारंगपुर जनपद ने अच्छा काम किया है, इसके लिए बधाई के पात्र है। इसी तरह काम किया जाए, हम उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई है, अगर सुधार नहीं करेंगे तो ऐसे कर्मचारियों पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

**इच्छित गढपाले, सीईओ, जिला पंचायत, राजगढ़।**



# मालवा खेल महाकुंभ प्रतिभा निखारने खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ा मंच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं प्रोत्साहन देने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मालवा खेल महाकुंभ का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

यहां प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों में 20 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीम जिला मुख्यालय पर 8 जनवरी से 12 जनवरी तक 4 जगहों पर आयोजित होंगी उसमें शामिल होंगी। जिसका पंजीयन 15 दिसंबर 2025 तक होगा। अकादमी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कबड्डी, फुटबॉल वालीबॉल, बास्केटबॉल, खो खो और एथलेटिक्स (100 मी, 200 मी, 400 मी ) लॉन्ग जंप, हाई जंप, ज्वेलिंग थ्रो,शॉट पुट, डिस्क थ्रो के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। यहां दो वर्ग में अंडर 14, अंडर 19 एज ग्रुप में बालक बालिका में भाग लेंगे।

एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कहना है कि इन खेलों का मकसद राजगढ़ के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देना, स्पोर्ट्समैनशिप की भावना को मजबूत करना और युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। राजगढ़, जो पहले से ही खेल प्रतिभा का गढ़ माना जाता है, एक बार फिर इन खेल महाकुंभ के जरिए खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित करने को तैयार है।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामाजिक सरोकारों को लेकर विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा राजगढ़ वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को उज्जैन स्थित महाकाल लोक का दर्शन एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह पहल वृद्धजनों के लिए आध्यात्मिक आनंद और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विशेष बस की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से वृद्धजन उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि बस को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान वृद्धजन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और महाकाल लोक कॉरिडोर की भव्यता का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही उज्जैन के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे हरसिद्धि मंदिर, काल भैरव मंदिर एवं रामघाट का भी भ्रमण कराया जाएगा। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा इस यात्रा के दौरान वृद्धजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोजन, पानी, प्राथमिक दवाइयों तथा स्वयंसेवकों की टीम की व्यवस्था भी की गई है। जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य है कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव दिया जाए, जिससे उनके जीवन में प्रसन्नता और सामाजिक जुड़ाव की भावना बढ़े।

## अवैध मदिरा के धारण, विक्रय, मदिरापान पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शेलेन्द्र वर्मा एवं डी.के.भादे के नेतृत्व में आबकारी वृत्त खिलचीपुर, सारंगपुर एवं नरसिंहगढ में दबिश के दौरान ग्राम सरकोही, राजाखेडी, गादिया, बाबल्डिया अकानियाखेडी, पचोर, हैदापुरा, सूरजपोल नरसिंहगढ आदि क्षेत्र में अवैध मदिरा के धारण, विक्रय, मदिरापान पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये म.प्र.आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 10 आपराधिक प्रकरण कॉयम किये गये। उक्त कार्यवाही में 9.36 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा और 5 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। उक्त कार्यवाही में बरामद मदिरा का अनुमानित मूल्य 4900 रुपए है। आबकारी वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, आबकारी वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, आबकारी वृत्त ब्यावरा प्रभारी दीपक राजपुत उपस्थित साथ रहे।

# विश्व मृदा दिवस पर ग्राम पंचायत कलेसर में कृषक संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बिछड़ौद

भूमि समृद्ध एफपीओ ग्राम पंचायत कलेसर तहसील क्षेत्र घटिया में शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवम एफ्रो संस्था के तहत कृषक संगोष्ठी एवं कृषक संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम किसानों में मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, और प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन के वैज्ञानिक श्री हंसराज जाटव मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ आत्मा विभाग से बीटीएम इमरान अहमद, कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी मोहित जैन, अनीता चौहान एवं कृतिका राठौर, एफ्रो संस्था से कार्यक्रम प्रबंधक नीरज होलकर, एक्सपर्ट उमेश पटेल, बृजेश सावले, फील्ड फैसिलिटेटर संतोष जाट, सुपर




चैंपियन किसान चंद्रपाल सिंह तथा अंचल के अनेक कृषक और एफपीओ भूमि समृद्ध के सदस्य कृषक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का ग्राम वासियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

किसानों को मृदा, जल एवं वायु प्रदूषण के कारणों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी साझा की।मृदा स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों के उपयोगी सुझावकार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व समझाया गया और बताया गया कि मृदा परीक्षण से फसल की उत्पादकता और भूमि की दीघार्यु दोनों बढ़ाई जा सकती हैं। हंसराज जाटव ने कहा कि–मिट्टी ही धरती की जान है; यदि मृदा स्वस्थ है तो कृषि और किसान दोनों समृद्ध होंगे। किसानों को जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, और काण्ड टॉनिक जैसे जैविक घोलों की विधि प्रायोगिक रूप से सिखाई गई। विशेषज्ञों ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की तकनीक भी बताई, ताकि किसान रासायनिक पदार्थों से दूरी बनाकर पर्यावरण अनुकूल खेती की दिशा में कदम बढ़ा सकें। नई कृषि तकनीकें और आजीविका संवर्धनडेमोंस्ट्रेशन प्लॉट के माध्यम से किसानों को नई कृषि तकनीकों का सीधा परिचय कराया गया। कृषकों की आजीविका को विविध बनाने के लिए बहुफसली खेती, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, मधुमक्खी पालन, और प्राकृतिक खेती के माध्यम से कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्राकृतिक खेती न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि जल संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा में भी मददगार है। किसानों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी खेती में रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और गोबर आधारित प्राकृतिक घोलों का उपयोग करें।

## दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर कॉलोनी में चार दिवस पूर्व हुई दो बाइक के टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की अपचार के दौरान



मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार 29 नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी के मार्ग पर दो बाइक आपस में टकरा गई थी, जिसमें तीन लोगों को चोटे आई थी, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रिजवान शाह पिता अजीत शाह 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 शुजालपुर को शहर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, निजी अस्पताल में घायल की स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजनों उसे भोपाल उपचार के लिए ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में रिजवान की मौत हो गई। मृतक के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में पुलिस में करवाया तथा वार्ड बाय नरेंद्र उपाध्याय की सूचना पर मार्ग कायम करते हुए मामला जांच में लिया। आष्टा शुजालपुर नेशनल हाईवे पर बीती रात दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग घायल हुए। बताया जाता है कि यह दुर्घटना बुधवार की रात लगभग 11 बजे जेठडा जोड के समीप हुई। एक ट्रक के चालक बनेसिंह जायसवाल निवासी कालापीपल तथा दूसरे ट्रक के चालक सद्दाम खान निवासी कृष्ण नगर को चोटे आई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों ट्रकों की टक्कर इतनी तेजी से हुई थी उनकी दूर तक आवाज आई तथा दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## जिला विकास समिति में सदस्य मनोनीत होने परसक्सेना का सम्मान



**सारंगपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के बाद मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला विकास समिति का गठन किया गया है। इसी क्रम में सारंगपुर से एडह्वोकेट अमित सक्सेना को राजगढ जिला विकास समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर मंगलवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सक्सेना का हार माला पहनाकर एवं मिठाई भेंटकर स्वागत किया गया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि समिति में उनके शामिल होने से जिले के विकास कार्यो को कानूनी दिशा और स्थानीय स्तर पर मजबूत प्रतिनिधित्व मिलेगा। साथ ही क्षेत्र की आवश्यकताओं, समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से शासन स्तर तक रखने में सहायता होगी। कार्यक्रम में एडह्वोकेट संजय दीक्षित, इरफान खान, देवेंद्र कोहली, आकाश शाक्यवार, रवि शुक्ला, हरिओम जाटव, आशीष जाटव, विष्णु सोंनगरा सहित कई वरिष्ठ वकील उपस्थित रहे। इसके अलावा समाजसेवी संजय शर्मा, रामबाबू सक्सेना सहित अनेक नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सक्सेना को बधाई दी।

## मोहनपुरा सिंचाई योजना की पाइपलाइन लीकेज



**सारंगपुर।** सारंगपुर विस क्षेत्र में मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के तहत संचालित पाइपलाइन की टेस्टिंग का कार्य जारी है। इसी के तहत परियोजना क्षेत्र में आने वाले गांव नाराऩ्य में पाइपलाइन लीकेज हुआ जिसको दुरुस्त करने के लिए मौके पर कर्मचारीगण पहुंचे। इस दौरान किसान गोवर्धनसिंह नागर ने कहा कि मोहनपुरा सिंचाई परियोजना का कार्य जल्द पुरा किया जाए ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े।

## गौशाला संचालक का जिपं सीईओ ने किया स्वागत व सम्मान



**सारंगपुर।** ग्राम पंचायत उदनखेड़ी में पूर्व सरपंच एवं गौशाला संचालक नंदलाल नागर के द्वारा उदनखेडी गोशाला का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है। गुरुवार को गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और वह पर व्यवस्थाओं को देखकर उनके कार्यो की प्रशंसा की। इस दौरान जिपं सीईओ इच्छित गढपाले ने कहा कि यह पर दोनों गोशाला का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है और इस संचालन से अन्य संचालकों को प्रेरणा लेने की जरुरत है। क्योंकि यह गायों का अच्छी तरह से रखरखाव किया जा रहा है।

# सारा खान ने हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की

टीवी एक्ट्रेस सारा खान एक फिर बार अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सारा ने कृष पाठक संग कोर्ट मैरिज करने के बाद अब हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की है। एक्ट्रेस ने दोनों ही शादियों की फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। फोटो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा-



कुबूल है से सात फेरे तक...हमारे प्यार ने अपनी कहानी खुद लिखी और हम दोनों की दुनिया ने हां कह दिया। सारा दुल्हन के जोड़े में काफी सुंदर लग रही हैं। जहां हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने के लिए एक्ट्रेस ने लाल रंग का लंहगा पहना है। वहीं, निकाह के लिए वो गोल्डन रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। सारा की इस नई जर्नी पर इंडस्ट्री और फैंस से उन्हें खूब बधाईयां मिल रही हैं। इससे पहले 6 अक्टूबर में सारा ने एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की थी। दोनों ने फैमिली और करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया था। उस वक्त कपल ने कहा था कि अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेंगे।

सारा ने जब कृष संग अपनी शादी का ऐलान किया, तब उन्होंने बहुत ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। दूसरे धर्म में शादी करने की वजह से सारा को ऑनलाइन ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। बाद में एक्ट्रेस ने वीडियो बनाकर ट्रोलर्स को फटकार लगाई थी। बता दें कि कृष से सारा की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने एक्टर अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था।



**कुबूल है से सात फेरे तक; कृष पाठक संग अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी**

# धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर फैंस भी होंगे शामिल

## देओल परिवार मुंबई में मनाएगा ही-मैन का बर्थडे, कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरू होगा

हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। 8 दिसंबर को वे अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले थे। ऐसे में देओल परिवार अब मुंबई में उनका जन्मदिन मनाएगा। खास बात यह है कि इस दौरान उनके फैंस भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। पहले यह कार्यक्रम खंडाला स्थित फार्महाउस में आयोजित होने वाला था, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण अब इसे मुंबई में करने का फैसला लिया गया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल और बॉबी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र की स्मृति और विरासत का सम्मान करने के लिए यह फैसला लिया है। वे चाहते हैं कि एक्टर के फैंस भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। इसी कारण उन्होंने फैंस को भी कार्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है, ताकि वे धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ परिवार से भी मिल सकें। इसके लिए किसी पास या रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं है। यह कोई बड़ा जश्न नहीं है, बल्कि उनके 90वें जन्मदिन की याद में एक शांत और भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। मीडिया भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती है। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवंबर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर में रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। लेकिन फिर 24 नवंबर को उनका निधन हो गया था।

# Sport

## 134 रन पर 6 विकेट गंवाए, पहली पारी में 511 बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया 43 रन से आगे

# दूसरे एशेज टेस्ट में हार की कगार पर इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶ इंग्लैंड

इंग्लैंड टीम दूसरे एशेज टेस्ट में भी हार की कगार पर पहुंच गई है। ब्रिस्बेन में शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बना दिए। स्टंप्स तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 134 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। टीम अब भी 43 रन से पीछे हैं और 2 दिन का खेल बाकी है।

ऑस्ट्रेलिया ने बगैर सेंचुरी के 511 रन बनाए द गाबा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने 378/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। माइकल नेसर 16 ही रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन एलेक्स कैरी ने फिफ्टी लगा दी। वे 63 रन बनाकर आउट हुए। 8 विकेट गिरने के बाद मिचेल स्टार्क ने स्कॉट बोलैंड के साथ पारी संभाली और टीम को 500 के करीब पहुंचा दिया।

स्टार्क ने फिफ्टी लगाई, वे 77 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में ब्रेंडन डोगेट ने बोलैंड के साथ 20 रन जोड़े और टीम को 511 रन तक पहुंचा दिया। टीम से एक भी सेंचुरी नहीं आई। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने 4 विकेट लिए। कप्तान बेन स्टोक्स को 3 विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन और विल जैक्स को 1-1 विकेट मिला।



### अच्छी शुरूआत के बाद बिखरी

इंग्लैंड पहली पारी में 177 रन से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी शुरू की। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने 48 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। डकेट 15 रन बनाकर आउट हुए। यहां से ओली पोप और क्रॉली ने टीम को 90 रन तक पहुंचा दिया। इसी टीम स्कोर पर पोप 26 रन बनाकर आउट हुए, यहीं से मेहमान टीम बिखर गई।

क्रॉली 44, जो रूट 15, जैमी स्मिथ 4 और हैरी ब्रूक भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 35 ओवर में 134 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया अब भी 43 रन से आगे हैं। टीम के लिए गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड 2-2 विकेट ले चुके हैं।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट ड्रॉ- वेस्टइंडीज ने चौथी पारी में 457 रन बनाए

## न्यूजीलैंड ने 531 रन का टारगेट दिया था; ग्रीव्स का दोहरा शतक



एजेंसी ▶▶ न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ हो गया है। क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले मुकाबले में कीवी टीम ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का टारगेट दिया था। ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैंड की टीम आसानी से ये मैच जीत लेगी, लेकिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने इसे नाकाम कर दिया।

6 दिसंबर (शनिवार) को पांचवें और आखिरी दिन का खेल खत्म हुआ, उस समय वेस्टइंडीज की टीम का स्कोर 6 विकेट पर 457 रन था। टीम मैच जीतने से सिर्फ 74 रन पीछे रह गई। शनिवार को वेस्टइंडीज ने 212/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट गंवाए और 245 रन बनाए। लेकिन इस स्कोर तक मैच ड्रॉ हो गया।

### न्यूजीलैंड को 64 रन की लीड मिली थी

इससे पहले शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी 417/4 से आगे बढ़ाते हुए 14 ओवर में 49 रन बनाए और 466/8 पर पारी घोषित कर दी। इस तरह वेस्टइंडीज को 531 रन का बड़ा टारगेट मिला। मंगलवार को पहले दिन न्यूजीलैंड ने टॉस हार कर पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 231 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज 167 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में न्यूजीलैंड को पहली पारी में 64 रन की लीड मिली थी।

### चौथे दिन कीवियों ने 531 रन का टारगेट दिया

क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के चौथे दिन वेस्टइंडीज ने शानदार खेल दिखाया और न्यूजीलैंड को आसान जीत से रोक दिया। शाई होप ने नाबाद 116 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि जस्टिन ग्रीव्स 55* रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 140 रन की अहम साझेदारी की और मैच को आखिरी दिन तक खींच लिया। प्लेयर ऑफ द मैच रहे जस्टिन ग्रीव्स ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 388 गेंदों पर नाबाद 202 रन बनाए। इसमें 19 चौके शामिल रहे। तेज गेंदबाज केमार रोच ने 233 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

### विश्व कप : जूनियर महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को धोया

**सैंटियागो (चिली)।** पूर्णिमा यादव के दो गोल के दम पर भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को जूनियर हॉकी विश्व कप में आयरलैंड को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से पराजित कर दिया। टूर्नामेंट में दूसरी जीत के साथ भारतीय टीम पूल सी में छह अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई।

जर्मनी के भी भारत के बराबर अंक हैं पर उसने अभी दो मैच खेले हैं। टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। वहीं सभी छह पूल से दो दूसरी श्रेष्ठ टीमें भी अंतिम आठ का टिकट कटाएंगी। भारत के लिए पूर्णिमा ने 42वें और 58वें मिनट में जबकि कनिका सिवाच ने 12वें और साक्षी राणा ने 57वें मिनट में गोल दागे।

# विनेश फोगाट ने कुश्ती फेडरेशन को 'गुंडा-बदमाश' कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीनियर स्टेशन चैंपियनशिप में खेलने से रोकी गई अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मल बूरा के समर्थन में पूर्व कुश्ती खिलाड़ी और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट आ गई हैं। विनेश ने कुश्ती फेडरेशन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे 'गुंडा-बदमाश' बताया है। कहा कि वह निर्मल बूरा के सम्मान और हर खिलाड़ी के अधिकार के लिए खड़ी हैं।

विनेश फोगाट ने अपने हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट डाली। इसमें लिखा कि फेडरेशन में ऐसे लोग बैठे हैं, जो मनमर्जी से, बिना किसी पारदर्शिता के खिलाड़ियों को शामिल या बाहर करने का फैसला ले रहे हैं। उन्होंने इस व्यवहार को शर्मनाक बताया। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब हिसार जिले के हांसी में रेसलिंग हरियाणा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप के दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और हरियाणा पुलिस की इंस्पेक्टर निर्मल बूरा को खेलने से रोक दिया गया। इससे वे काफी निराश हुई थी। यहां तक कि उनकी आंखों से आंसू भी आ गए थे।




उन्होंने इसके खिलाफ रेसलिंग फेडरेशन और कोर्ट जाने की भी बात कही थी। उधर, अब विनेश फोगाट ने भारत सरकार और खेल मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप कर निर्मल बूरा को न्याय दिलाने की मांग की है।

विनेश फोगाट ने अपनी पोस्ट में निर्मल बूरा को हरियाणा की एक अत्यंत सम्मानित और उपलब्धि-सम्पन्न खिलाड़ी बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि निर्मला भीम अवार्डी, कॉमनवेल्थ गेम्स सिल्वर मेडलिस्ट, एशियन चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और 20 बार सीनियर नेशनल मेडलिस्ट रही हैं। इनमें से 14-15 गोल्ड मेडल सिर्फ सीनियर नेशनल स्तर पर हैं। वर्तमान में वे हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

विनेश ने आगे लिखा कि हाल ही में हरियाणा में नेशनल के लिए हुए ट्रायल में निर्मल बूरा के साथ अनुचित व्यवहार किया गया। उनकी ट्रायल तक नहीं ली गई, न कोई कारण बताया गया और न ही कोई आधिकारिक सूचना दी गई। विनेश ने आगे कहा कि, यदि निर्मल बूरा जैसी अनुभवी और देश के लिए अनगिनत पदक जीतने वाली खिलाड़ी की सुनवाई नहीं हो रही, तो आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों का भविष्य कैसे सुरक्षित रहेगा? यह स्थिति केवल एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरे भारतीय खेल तंत्र पर एक प्रश्न है और अब इसमें सुधार अनिवार्य हो चुका है।

चामेली देवी कॉलेज की बस में हंगामा

# नशे में धुत ड्राइवर पकड़ा

## छात्रों ने रोकी बस, कॉलेज प्रशासन ने दबाव बनाने की कोशिश की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चामेली देवी कॉलेज की बस के ड्राइवर द्वारा नशे की हालत में बस चलाने का गंभीर मामला सामने आया। घटना तेजाजी नगर बायपास पर उस समय उजागर हुई जब बस में सवार छात्र-छात्राओं ने ड्राइवर की लड़खड़ाती हरकतों और संदिग्ध स्थिति को देखकर बस रुकवाने का साहसिक कदम उठाया।

छात्रों ने तत्काल कॉलेज अध्यक्ष आदित्य कुमावत को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कुमावत मौके पर पहुँचे और पुलिस प्रशासन को अवगत कराया।

इसके बाद छात्र-छात्राएँ कुमावत के साथ कॉलेज पहुँचे और पूरे प्रकरण पर लिखित शिकायत दर्ज कराने लगे, लेकिन यहीं से मामला और गंभीर हो गया। छात्रों के अनुसार, कॉलेज प्रबंधन ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि यह खबर बाहर नहीं जानी चाहिए।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद फैकल्टी जमील खान का कथित बयान भी छात्रों में नाराजगी का कारण बना। छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्होंने धमकी भरे लहजे में कहा– चाहे कुछ भी कर लो, सबकुछ हमारे पक्ष में ही आएगा। छात्रों ने इसे स्पष्ट रूप से कॉलेज द्वारा मामले को दबाने की कोशिश बताया।

# इंदौर के 28.67 लाख वोटर्स में से 22.85 लाख का डाटा अपलोड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत इंदौर जिले में मतदाता सूची की घर-घर पड़ताल अब अंतिम मोड़ पर है। शुक्रवार दोपहर तक जिले के 28.67 लाख वोटर्स में से 22.85 लाख की मौजूदगी कन्फर्म हो चुकी है।

यानी इतने वोटर तो 2003 की सूची से सही हैं और इनका डाटा अपलोड हो चुका है। बचे हुए 5.42 लाख वोटर्स में से 41,111 की मौत हो चुकी है, जबकि 2.03 लाख स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं।

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोट: जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोट: दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोट: यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पता: एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइल: 7828672574, 8817546028
समय: प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोट: सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

हेल्पर लडको की आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470







कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत
■ 10 दिन 1000/-
■ 20 दिन 1500/-
■ 1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com